
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 117 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव का बिगुल बज चुका है. भाजपा ने सबसे पहले प्रत्याशी घोषित कर दी है। पार्टी ने पूर्व सांसद सुनील सोनी को दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है। इस बीच सोमवार को पार्टी ने उपचुनाव के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है।

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने नाकाम की बड़ी साजिश

**बारामुला (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने एक बड़े आतंकवादी हमले को नाकाम करते हुए एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है, जिससे यह साफ होता है कि आतंकी बड़ी साजिश रच रहे थे। सुरक्षाबलों के एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर बारामुला और उरी सेक्टर में संयुक्त अभियान चलाया गया था।

### मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाके गढ़चिरौली में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को सफलता मिलने की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों ढेर होने की खबर है। वहीं मुठभेड़ में एक जवान के भी घायल होने की सूचना जिसे जिसे उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया।

# पुलिसकर्मियों के प्रति रखें मानवीय दृष्टिकोण : रमेन डेका

## पुलिस और सुरक्षाबलों के कारण देश में कायम है कानून और शांति व्यवस्था: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



पुलिस स्मृति दिवस परेड में हुए शामिल राज्यपाल और मुख्यमंत्री

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर के प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों की ओर से पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उनके साथ सदैव खड़े रहने का विश्वास दिलाया। उन्हें शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किए।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने अपने श्रद्धांजलि उद्बोधन में कहा कि पुलिस का काम अत्यंत जवाबदेही का होता है। आम जनों से आग्रह है कि पुलिस कर्मियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखें और उनके कार्यो में मदद करें। उन्होंने कहा कि एक तरफ वे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हैं। दूसरी तरफ उनकी जिम्मेदारी होती है कि समाज में व्यवस्था बनी रहें और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस के जवान भी अपने परिवार को छोड़ कर कार्य कर रहे हैं। उनसे परिवार के एक सदस्य की भांति व्यवहार करें, उन्हें सम्मान दें। आपके दो मीठे बोल, उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। यह सद्व्यवहार उनकी सारी थकान दूर कर देगी और वे अपनी ड्यूटी भी दोगुने जोश से करेंगे।

राज्यपाल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में जहां नक्सली समस्या एक गंभीर चुनौती रही है, वहां हमारी पुलिस ने जिस प्रकार से साहस, धैर्य और निष्ठा के साथ इस समस्या का सामना किया, वह सराहनीय है। पुलिस की तत्परता और कर्तत्व्यनिष्ठा के कारण आज नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और शांति के लिए एक सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है। नक्सली गतिविधियों से निपटने के लिए पुलिस और सशस्त्र बलों ने न केवल सख्त रणनीति अपनाई बल्कि स्थानीय समुदायों के साथ बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित किया है। जिससे उन क्षेत्रों में विश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ी है और आने वाले समय में नक्सल समस्या का पूर्ण रूप से उन्मूलन होगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बलों के योगदान का स्मरण करने और उन्हें नमन करने का दिन है। यह पुलिस और सुरक्षा बलों की महान परंपराओं को आगे बढ़ाते रहने का संकल्प लेने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमारे पुलिस बलों के शौर्य, पराक्रम, बलिदान, देश-प्रेम, सजगता और इतिहास की याद दिलाता है। इनके चौकन्नेपन के कारण ही देश में कानून व्यवस्था कायम रहती है और विकास के नए आयाम स्थापित होते है। श्री साय ने कहा कि पुलिस जवान नक्सल पीड़ित क्षेत्रों के विकास और दुर्गम क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अपना योगदान दें रहें है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों को अधिक से अधिक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में भारत सरकार का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है । हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री श्री अमित शाह के ऊर्जावान नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ ने आने वाले दो वर्षों के भीतर प्रदेश से नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों के शौर्य, पराक्रम और कौशल से हम निर्धारित समय में इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा ने भी श्रद्धांजलि उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। वीर जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जायेगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, श्री अरूण देव गौतम, महानिदेशक होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं फायर ब्रिगेड सेवा, श्री हिमांशु गुप्ता, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी व शहीद जवानों के परिजन उपस्थित थे।

# हमारे सपने और संकल्प के पूरा होने तक न हमें चैन है और न ही आराम के लिए जगह है : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 साल में बहुत सारे काम किए हैं, लेकिन यह आराम का वक्त नहीं है। देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अभी बहुत काम करना बाकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अक्सर लोग मुझे कहते हैं कि पिछले 10 साल में इतने काम हुए हैं। आपने तीन बार अपनी सरकार बना ली है। अब भी आप इतनी मेहनत क्यों करते हैं, इतनी दौड़ धूप क्यों करते हैं? पीएम मोदी ने कहा कि उनको ऐसा कहने वाले लोग बहुत मिले हैं। उनको कहना है कि अब मेहनत की क्या जरूरत है। लेकिन जो सपने हमने देखे हैं और जो संकल्प हम लेकर चले हैं, उसमें न चैन के लिए कोई जगह है न ही आराम के लिए।

पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए आगे कहा कि पिछले 10 साल में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। पिछले 10 साल में 16 करोड़ गैस कनेक्शन मिले हैं। इसी अवधि में 350 मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, जिसमें 15 से ज्यादा एम्स हैं। पिछले 10 सालों में डेढ़ लाख से ज्यादा स्टार्टअप हुए हैं, जिसमें आठ करोड़ युवाओं ने मुद्रा लोन लेकर पहली बार अपना काम शुरू किया है।

### पीएम मोदी ने कहा कि लोग पूछते हैं क्या इतना करना काफी नहीं है?

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे जवाब दिया, नहींज्इतनी करना काफी नहीं है। आज भारत दुनिया के सबसे युवा देश में एक है। इस युवा शक्ति की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करते हुए आसमान की ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। इस ऊंचाई को छूने के लिए हमें बहुत तेजी से बहुत सारा कार्य करने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित बनाने का हमारा लक्ष्य है। इसलिए सफलता का मापदंड सिर्फ ये नहीं है कि हमने क्या पायाज् अब हमारा आगे क्या लक्ष्य है, हमें कहां पहुंचना हैज्हम उस ओर देख रहे हैं। 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी इसी सोच को दिखाता है।

# एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए भारत और चीन के बीच बनी सहमति, विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और चीन के बीच लंबे समय से जारी सीमा विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई हालिया बातचीत के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग को लेकर एक नई सहमति बनी है। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों की सेनाओं के बीच सीमा पर चल रहे तनाव में कमी आने की उम्मीद है।

मिस्त्री ने कहा, हम चीन के साथ पेट्रोलिंग के मुद्दों पर चर्चा के बाद एक अहम समझौते पर पहुंच गए हैं। इस समझौते के सीमा पर दोनों देशों के बीच जारी स्टैंड ऑफ में कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सप्ताहों से जारी बातचीत के बीच अंततः हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग के लिए एक निश्चित व्यवस्था पर पहुंचे हैं। इस समझौते के जरिए हमें 2020 सीमा पर जारी तनाव को कम करने में मदद मिलेगी। यह समझौता मुख्य रूप से देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में पेट्रोलिंग को लेकर है। इन क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने थीं।

# पाकिस्तान : कैबिनेट की बैठक में 26वें संविधान संशोधन को मंजूरी



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। देश की सत्तारूढ़ पार्टी ने 26वें संविधान संशोधन को मंजूरी दे दी है, जिसके खिलाफ विपक्षी दल और नागरिक समाज में व्यापक विरोध हो रहा है। पाकिस्तान सरकार ने संविधान में बड़े बदलाव करने का फैसला किया है। विपक्षी दल इस संशोधन का विरोध कर रहे हैं और इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बता रहे हैं। आरोप है कि इस संशोधन के जरिए सरकार न्यायपालिका पर अपना नियंत्रण बढ़ाना चाहती है।

खबरें हैं कि संशोधन के तहत चीफ जस्टिस का कार्यकाल तय किया जाएगा और न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाई जाएगी। संशोधन विधेयक को संसद में पेश कर दिया गया है और जल्द ही इस पर वोटिंग होगी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समेत कई विपक्षी दलों ने इस संशोधन का विरोध किया है। इनका कहना है कि यह संशोधन लोकतंत्र के लिए खतरा है और इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता खत्म हो जाएगी।

पाकिस्तान में पिछले कुछ समय से राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई ने लोगों का गुस्सा बढ़ा दिया है। इस बीच, सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच लगातार टकराव हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने भी पाकिस्तान में हो रहे राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रखी हुई है। कई देशों ने पाकिस्तान सरकार से संविधान में संशोधन के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

# देश भर में सीएपीएफ कर्मचारियों के आश्रितों के लिए 26 एमबीबीएस और 3 बीडीएस सीटें आरक्षित : अमित शाह



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के राष्ट्रीय पुलिस मेमोरियल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही देश की सुदूर तक फैली सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए सभी बलों का आभार भी जताया।

उन्होंने कहा, पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। आज देश के विभिन्न इलाकों और जगहों पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अलग-अलग बल के जवानों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि यहां आकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि देने का मुझे मौका मिला। यही हमारे जवान हैं कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और कच्छ से लेकर किबिथू तक फैली हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं।

केंद्रीय पुलिस बलों के लिए किए गए कामों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, हमने 113 बैरकों को मंजूरी दी है और 24 मार्च तक 11276 घरों और 111 बैरकों का निर्माण पूरा हो चुका है। हमने सीएपीएफ ई आवास वेब पोर्टल के माध्यम से खाली घरों को आवंटित करने का भी काम किया है। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना हमारे पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए वरदान साबित हुई है और सीएपीएफ कर्मियों के आश्रितों के लिए 26 एमबीबीएस और 3 बीडीएस सीटें आरक्षित की गई हैं। केंद्रीय अनुग्रह राशि में वृद्धि और एकमुश्त मुआवजा देने से हमारे युवाओं के परिवारों को राहत मिली है। हमने विकलांगता अनुग्रह राशि में और वृद्धि करके भी इस दिशा में काम किया है।

उन्होंने कहा, हमारे पुलिसकर्मी, विशेषकर सभी सीएपीएफ कर्मी, कानून व्यवस्था की स्थिति और देश की सुरक्षा को संभालने के अलावा और भी कई काम करते हैं। आज मैं देश के लोगों को बताना चाहता हूं कि 2019 से लेकर 2024 तक हमारे सीएपीएफ के जवानों ने करीब 5 करोड़ 80 लाख 90 हज़ार पौधे लगाए हैं और उन्हें अपने बच्चों की तरह पालने और बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार के एक प्रोग्राम के माध्यम से सभी सीमावर्ती जिलों में भारत सरकार और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को नागरिकों तक पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। साथियों आज वो दिन है, जब हमें अपने सभी शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं, उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और आज मैं उन शहीद पुलिस जवानों के परिवारों को विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि आपके परिजनों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। देश की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और 2047 में देश एक विकसित राष्ट्र बनेगा और उस समय भी जब आज़ादी की शताब्दी मनाई जाएगी, तब भी एक पुण्य राष्ट्र आपके परिजनों के बलिदान को नमन करके उन्हें हमेशा याद रखेगा। आज एक बार फिर श्रद्धांजलि के माध्यम से अब तक बलिदान देने वाले सभी हजारों पुलिसकर्मियों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

# वायनाड सीट से बेटी प्रियंका के लिए प्रचार करेंगी सोनिया गांधी





**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी बेटी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के लिए केरल के वायनाड में प्रचार करेंगी, जो अपना पहला चुनावी मुकाबला लड़ रही हैं।

राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में वायनाड के साथ-साथ रायबरेली से भी चुने गए थे। बाद में उन्होंने वायनाड से इस्तीफा दे दिया। इसके चलते यहां से उपचुनाव जरूरी हो गया है।

वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके साथ ही पलक्कड़ और चेलाक्कारा विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा। 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। राज्य कांग्रेस नेताओं के अनुसार, सोनिया गांधी कई सालों के बाद केरल लौट रही हैं और मंगलवार को होने वाले रोड शो में उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। राहुल गांधी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एनी राजा पर 3,64,422 वोटों के अंतर से वायनाड लोकसभा सीट बरकरार रखी थी। हालांकि, यह उनके 2019 के प्रदर्शन के मुकाबले थोड़ा कम है, जब उन्होंने सीपीआई के पीपी सुनीर पर 4,31,770 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की थी।

# स्वच्छता वीर सम्मान समारोह : राज्यपाल रमेन डेका ने 55 स्वच्छता वीरों का किया सम्मान

### स्वच्छता की जिम्मेदारी केवल सरकार या संस्थानों की नहीं है, बल्कि हम सभी की है : राज्यपाल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका आज भिलाई नगर के सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत भिलाई नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 55 स्वच्छता वीरों को महात्मा गांधी जी का छायाचित्र, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव भी सम्मिलित हुए।

राज्यपाल रमेन डेका ने सम्मान समारोह में शामिल सभी स्वच्छता वीरों को अपनी ओर से शुभकामनाएँ दी। उन्होने कहा कि आज का यह अवसर हमारे समाज के उन सच्चे नायकों और नायिकाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का है, जिनकी निस्वार्थ सेवा और परिश्रम से हमारा शहर स्वच्छ और स्वस्थ रहता है। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में सफाई का महत्व बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे की मेहनत को हम अक्सर नज़र अंदाज़ कर देते हैं। जो कठिन परिश्रम आप करते हैं, वह हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, हमारे स्वास्थ्य और जीवन स्तर को भी बेहतर करता है। आप सब वास्तव में 'स्वच्छता वीर' हैं, क्योंकि आप अपनी सेवाओं से हमें स्वस्थ जीवन जीने का आधार देते हैं। राज्यपाल ने गांधी जी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि 'स्वच्छता, स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। इसी विचार को लेकर हमारा देश स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने उनकी जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी।

# महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर कोई मतभेद नहीं : संजय राउत



**मुंबई (आरएनएस)।** शिवसेना (यूबीटी) से राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सोमवार को दावा किया कि महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर कोई मतभेद नहीं है।

चुनावी राज्य महाराष्ट्र को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज है, इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सीट बंटवारे में हो रही लेट-लतीफी को लेकर कहा कि सोमवार शाम तक टिकटों के बंटवारे को लेकर बात बन जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हाईकमान दिल्ली में बैठा है, उनके निर्णय दिल्ली में होते हैं।

संजय राउत ने आगे कहा कि सीटों को लेकर ज्यादा मतभेद नहीं होगा और हम लोग एक साथ बैठकर इसको सुलझा देंगे। सीटों के बंटवारे में पार्टी के कुर्बानी के सवाल पर उन्होंने कहा कि बात कुर्बानी की नहीं, बल्कि देशहित और महाराष्ट्र हित की है। कुछ सीटों के लिए हमने बड़ा दिल दिखाया था, क्योंकि हमे संविधान के दुश्मनों को हराना था। अब महाराष्ट्र की भ्रष्ट सरकार को, जो संविधान के खिलाफ काम करती है, उसको नीचे उतारना है।

उन्होंने कहा कि हम सभी राजनीति में सालों साल से काम कर रहे हैं। सभी पार्टी को लगता है कि उनके कार्यकर्ता को उम्मीदवारी मिलनी चाहिए। जैसे शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार) को लगता है, वैसे ही कांग्रेस को भी लगता होगा। महाविकास अघाड़ी अलायंस में सबको अपनी-अपनी भूमिका रखने का अधिकार है।

# रेल नेटवर्क के मामले में भारत जल्द अमेरिका को पीछे छोड़ेगा : केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू

### आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में नमो भारत दिवसः नमो भारत ट्रेन संचालन के एक वर्ष का उत्सव मनाया गया




**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** नमो भारत ट्रेनों के संचालन की पहली वर्षगांठ को आज नई दिल्ली में नमो भारत दिवस के रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (NCRTC) ने भारत के परिवहन इतिहास में इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को स्मरण करने के लिए एक विशेष शाम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आवास और शहरी मामलों के केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यमंत्री केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि यह उपलब्धि गर्व का क्षण है और विकसित भारत की दिशा में एक कदम है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन ने कहा कि हम विश्व में सबसे लंबे मेट्रो नेटवर्क के मामले में तीसरे स्थान पर हैं और अगले कुछ वर्षों में अमेरिका को पार कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को बिना किसी परेशानी की सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुसंधान और विकास पर काम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

नमो भारत ट्रेनों का प्रतिनिधित्व भारत की पहली क्षेत्रीय त्वरित परिवहन प्रणाली (RRTS) करती है, जिसमें साहिबाबाद और दूहाई डिपो के बीच 17 किलोमीटर के प्राथमिक खंड का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को किया गया। तब से, दो अतिरिक्त खंड चालू हो गए हैं, जिसमें दूहाई और मोदीनगर उत्तर के बीच 17 किलोमीटर का खंड 6 मार्च 2024 को और मेरठ दक्षिण ऋऋह्लस्र स्टेशन का उद्घाटन 18 अगस्त 2024 को किया गया। वर्तमान में, नमो भारत सेवाएं 42 किलोमीटर के गलियारे में नौ स्टेशनों को कवर करती हैं, जिनमें साहिबाबाद, गाज़ियाबाद, गुलधर, दूहाई, दूहाई डिपो, मुरादनगर, मोदी नगर दक्षिण, मोदी नगर उत्तर, और मेरठ दक्षिण शामिल हैं। यह गलियारा जल्द ही 54 किलोमीटर तक विस्तारित होगा।

## विद्यार्थियों के लिए हस्तमुद्रा पर सेमीनार आज, विशेषज्ञ शिवनारायण बताएंगे फायदे

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा हिन्दी माध्यम के निर्धन विद्यार्थियों हेतु शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती में प्रतिवर्ष नि:शुल्क कोचिंग चलाई जाती है। इन विद्यार्थियों के लिए समय समय पर इनके व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम व अलग अलग क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों द्वारा ज्ञानवर्धक बातें बताई जाती है। इसी कड़ी में हस्तमुद्रा से कैसे याददाश्त बढ़ाई जाए, कैसे एकाग्रता में वृद्धि की जाए, परीक्षा के दौरान भूलने की आदत कैसे कम की जाए, पढ़ने के दौरान थकने पर वापस कैसे उर्जावान हो जाए, इन सब बातों को बताने कल मंगलवार 22 अक्टूबर को शाम छह बजे से इन विद्यार्थियों के लिए सेमीनार रखा गया है जिसमें हस्तमुद्रा विशेषज्ञ शिवनारायण मूंदड़ा अलग अलग हस्तमुद्रा कराकर इसके फायदे बताएंगे। उनके द्वारा यह भी बताया जाएगा कि घर में किसी सदस्य को छोटी मोटी शारीरिक परेशानी होने पर त्वरित उपचार के लिए कौन कौन सी हस्तमुद्राओं की क्रिया की जा सकती है। यहां तक कि यदि किसी को हार्ट अटैक के लक्षण भी लग रहें हो तो कौन सी मुद्रा उनको त्वरित राहत दे सकती है।

## देश के लिए शहीद हुए जवानों को पुलिस स्मृति दिवस पर किया याद

### शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर एस पी समेत अन्य अधिकारीयों व परिजनों ने दी श्रद्धांजली



**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय जशपुर स्थित रक्षित केन्द्र जशपुर में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के कार्यक्रम में जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, राकेश कुर्रे उप सेनानी 12 वीं बटालियन रामानुजगंज, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जशपुर चंद्रशेखर परमा, नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम राम, पूर्व नगर पालिका पालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज, सहस्त्रांषु पाठक समेत अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूरे जिले के कुल 56 शहीद परिवार को आमंत्रित किया गया था, परेड में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 02 प्लाटून जिनका मुख्य कमांड रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे द्वारा गया एवं दोनों प्लाटून के कमांडर के रूप में छसबल के एपीसी सुधीर भगत एवं एपीसी नेलसन टोप्पो रहे। पुलिस की टुकड़ी द्वारा शहीदों को सलामी दी गई, तत्पष्चात् पूरे भारत मे दिनांक 01.09.2023 से 31.08.2024 तक कर्तब्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले कुल 216 शहीदों के नाम का स्मरण कर कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न अधिकारीगणों एवं परिजनों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई।

**क्यों मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस :** गौरतलब है कि आज से 64 वर्ष पहले अक्टूबर 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस की एक छोटी टुकड़ी के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे तभी से प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को देश के कोने-कोने में दिवंगत शूरवीरों की स्मृति में पुलिस शहीद दिवस पर परेड़ का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विधायक एवं पुलिस अधीक्षक ने शहीदों के परिजनों का सम्मान कर उनसे मिलकर उनका हाल-चाल जाना।


**AUCTION NOTICE** — **IndusInd Bank Ltd.**

Bids are invited to Sale below mentioned vehicle as on where is basis, for inspection interested person may contact to respective person on given contact no as below. Through the present notice we hereby once again call upon the borrower & Co-borrower concerned for clear their dues on or before **28.10.2024**, else we shall be constrained to sell off the vehicle and loss if any shall be recovered from them.

| Branch Name | Deal no | Customer/ Co-borrower Name | Vehicle Model | Reg. No | Chassis No | Engine No | Yard name | Contect Person |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AMBI-KAPUR | FRC00621G | H SHUKRAWARO/M RAJDEV | APE AUTO DX BS VI | CG29AF2454 | MBX0006 FFYF028307 | S0F9090497 | MAHAMAYA YARD AMBIKAPUR | KARMVEER SINGH/9644370009 |


### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./15315/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 21-10-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15315
**वार्ड का नाम- 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **56** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447A00333** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT. NAZUL DEVRAJ BABRIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAXMINARAYAN BABRIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SARSWATI BAWARIYA 2 KU. KHUSHBU BAWARIYA PASI 3 NIKHIL BAWARIYA PASI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. DEVRAJ BAWARIYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आपसी सहमती पत्र, सपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पंचायत बिश्रामपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
**फोन नं. 07775-265344 फेक्स नं. 07775-265344**
**ईमेल / nagarpanchayatbishrampur@yahoo.in**

क्रमांक /630/लो.नि./न.पं./2024-25 — बिश्रामपुर, दिनांक-18/10/2024

## मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत बिश्रामपुर अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म निम्न कार्य हेतु पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से त्री लिफाफा पद्धती से मोहर बंद निविदा आमंत्रित है

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 04.11.2024 कार्यालयीन समय तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि- 05.11.2024 कार्यालयीन समय तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 11.11.2024 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि- 11.11.2024 समय 4:00 बजे शाम से

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानि त राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपयो में) | निविदा प्रपत्र (रूपयों में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 03 चोपड़ा स्कूल एवं स्नेहलता घर समीप चबुतरा शेड निर्माण | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |
| 2 | वार्ड क्र. 11 जगन्नाथ मंदिर समीप चबुतरा शेड निर्माण | 3.8 | 4000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |
| 3 | वार्ड क्र. 12 कर्मकाण्ड एवं मोहिनी झा घर चबुतरा शेड निर्माण | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |
| 4 | वार्ड 13 मेन रोड समीप चबुतरा शेड निर्माण | 2.99 | 3000.00 | 750,00 | सक्षम श्रेणी |
| 5 | वार्ड 10 बंगाली क्लब समीप चबुतरा शेड निर्माण | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |
| 6 | वार्ड 8 सामुदायिक भवन समीप चबुतरा शेड निर्माण | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |
| 7 | वार्ड 6 अंबेडकर स्कूल समीप चबुतरा शेड निर्माण | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |
| 8 | वार्ड 5 फिरोज एवं शंभू निवास समीप चबुतरा शेड निर्माण | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |
| 9 | वार्ड 15 रमेश घर एवं नगर पंचायत ऑफिस समीप चबुतरा शेड निर्माण | 2.99 | 3000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |
| 10 | वार्ड क्र. 14 में पार्क बाउण्ड्रीवॉल सौदर्गीकरण कार्य | 10.00 | 10000.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी |

टीप :- 01 नियम शर्ते कार्यालय के लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।
02 विज्ञापन की प्रति uad.cg.gov.in देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बिश्रामपुर**
**जिला - सुरजपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /15356/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 21-10-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15356
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **01** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801K00107** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VINOD SINGH RAJPUT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. BHUSHAN SINGH RAJPUT** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NEELU RAJPUT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIMAL RAJPUT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा व शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./15316/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 21-10-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15316
**वार्ड का नाम- 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **56** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447A0333A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LAXMINARAYAN BABRIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. ARVIND DIKSHIT WAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. KU. PREETI BAWRIYA PASI 2. KU. NIDHI BAWARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. SHRI NAND KISHORE BAWARIYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आपसी सहमती पत्र, सपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./15135/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 21-10-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15135
**वार्ड का नाम- 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **53** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651K01881** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1 DEEPIKA KABIRAJ, 2 NITUN KABIRAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NITUN KABIRAJ, LATE. NIRAD BIHARI KABIRAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAROJ BALA VAISHNAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA VAISHNAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./14551/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 15-10-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 14551
**वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **55** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651D00429** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAVINDRA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH KUMAR SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NEELAM CHANDRA AND YASWANT KASHYAP** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI JHAGAR PRASAD CHANDRA AND SHRI SHIV KUMAR KASHYAP** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 506 दिनांक 21.10.2024**
**वार्ड का नाम- गुरू घासीदास वार्ड**
**वार्ड क्र. 01 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **01** मांग **पंजी क्र. 459 युआईडी 10463** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **वीणा साहू, आरती साहू, मंजू साहू, कुलेश्वर साहू, दीपिका साहू / टीकूराम साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **द्वारिका प्रसाद साहू / शंकर लाल साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **20-11-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर
(छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

## आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, **सेजबहार,** रायपुर में स्थित भवन **क्र. एल.आई.जी.-1145, श्रीमती ममता तिवारी पति श्री सुनील कुमार तिवारी,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5717 दिनांक 31.10.2006 द्वारा भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 10.10.2013 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 10.04.2014 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती रामेती दुबे पति श्री शिव प्रसाद दुबे, निवासी- 407, सांई सिमरन टावर, चौरसिया कालोनी, मठपुरैना, रायपुर (छ.ग.)** के पक्ष में दिनांक 02.05.2014 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्रीमती रामेती दुबे पति श्री शिव प्रसाद दुबे,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी.** फ्लैट भवन योजना में से भवन/भूखण्ड **क्रमांक एल.आई.जी.-185/16. श्री उदय श्रीवास्तव पिता स्व. श्री आर. पी. श्रीवास्तव,** के नाम पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटियों के द्वारा दिनाक 16.05.2013 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी **श्री उदय श्रीवास्तव पिता स्व. श्री आर. पी. श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 03.01.2023** को हो जाने के कारण पत्नि श्रीमती **निधि श्रीवास्तव, पुत्र (1) हर्ष श्रीवास्तव (नाबालिक) (2) आयुष श्रीवास्तव (नाबालिक) पति/पिता प्रिता स्व. श्री उदय श्रीवास्तव** द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामातरण करने हेतु आवेदन पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड में से **श्री उदय श्रीवास्तव** का नाम विलोपित कर **पत्नि श्रीमती निधि श्रीवास्तव, पुत्र (1) हर्ष श्रीवास्तव (नाबालिक) (2) आयुष श्रीवास्तव (नाबालिक) पति/पिता पिता स्व. श्री उदय श्रीवास्तव** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेंगी, एव भवन का नामातरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित **एम. आई. जी. II** भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एम.113/ 11/138 में **श्रीमती सारम्मा कोशी पति श्री पी.ओ. कोशी** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 07.03.2024 को फ्री होल्ड उपरांत उक्त भवन **श्रीमती रीता घोष पति श्री जगन्नाथ घोष** के पक्ष में दिनांक 01.10.2024 को विक्रय विलेख निष्पादन किया गया है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर
(छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी **डूमरतराई फेस I** जिला रायपुर में स्थित **एम. आई. जी. फ्लैट क्रमांक-159, ब्लॉक क्रमांक-07, चतुर्थ तल (जी+6), श्री अमित शशिकांत हिंडोचा पिता श्री शशिकांत जयचन्द्र हिंडोचा,** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड दिनांक 17/01/2019 पंजीकृत कराने के उपरात बजेट की पूर्ण राशि जमा कर पत्र क्रमांक 328 दिनाक 17/01/2019 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है. वर्तमान में आबंटी **श्री अमित शशिकांत हिंडोचा, पिता- श्री शशिकांत जयचन्द्र हिंडोचा, निवसी सिव्हील लाईन, यवतमाल (महाराष्ट्र) 445001** के द्वारा उक्त फ्लैट को **श्री मनोहर बेहरा पिता श्री देबराज बेहरा निवासी भंडारी साही अरखापुर जिला गंजम (ओडिशा) 761117** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवदेन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की माम की गई है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय कसे किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय सस्था निकाय: बैंक अथवा वित्तीय संस्था कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर
(छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

## आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, दोंदेखुर्द में स्थित सीनियर एल.आई.जी. भवन कमांक-473 **श्री राम संवारे यादव पिता श्री छोटेलाल यादव,** को इस कार्यालय के आंबटन आदेश क्रमांक 69 दिनांक 01.04.2010 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 31.05.2010 को लीजडीड पंजीकत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में **श्री राम संवारे यादव पिता श्री छोटेलाल यादव निवासी:- एम. डी.म.नं.-135, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर आंबटी द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती मिथिलेश साहू पिता श्री नारायण प्रसाद साहू निवासी:- हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दोंदेखुर्द, तह व जिला रायपुर (छ.ग.)** को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

## // आम-सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि धरमपुरा रायपुर में प्रकोष्ठ भवन कमांक ब्लॉक नं.-45/02 भू तल, को **श्रीमति उज्वला रविराजे उपाध्ये पति श्री रविराजे उपाध्ये,** के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पुर्ण राशि जमा कर रजिस्ट्री एवं आधिपत्य की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। **वर्तमान में श्रीमति उज्वला रविराजे उपाध्ये पति श्री रविराजे उपाध्ये, निवासी: बंछोर इस्टेट, फेस नंबर-02, सत्यम विहार कालोनी, मिनी टॉकिज रोड, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्रीमति रूखमणी शुक्ला पति श्री मुकेश कुमार शुक्ला, निवासी: मकान नं. 45/4, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धरमपुरा, रायपुर (छ.ग.)** मूल **निवासी: ग्राम बनसाकरा, तहसील सिमगा, जिला- बलौदा बाजार (छ.ग.)** को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

**धरमपुरा रायपुर में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ब्लॉक नं.-45/02 भू तल,** के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो, तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित **एच. आई. जी. डीलक्स-II, फेस-2. योजना में से भवन क्रमांक - 25 (1) श्री अभिषेक कुमार तिवारी (2) श्री हितेश कुमार तिवारी** दोनों के पिता **स्व. श्री कैलाश प्रसाद तिवारी** को एकमुक्त/स्ववित्तीय ऑफर आधार पर संयुक्त नाम पर आबंटित किया गया है। उनके द्वारा दिनाक 14.10.2024 को हक त्याग कर हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता **श्री अभिषेक कुमार तिवारी पिता स्व श्री कैलाश प्रसाद तिवारी** के एकल नाम पर नामांतरण किया जाना है।

कत किसी भी व्यक्ति शासकीय/अशासकीय/वित्तीय सस्था इत्यादि को उजा भूखण्ड भवन के नामातरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में सिमित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वता उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेंगी एवं मवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11998/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 12-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 11998
**वार्ड का नाम- 03 - संत कबीर दास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **03** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803G00539** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAVEEN BHOWRAY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOVIND BHOWRAY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 MINAKSHI RAHAGDALE 2 LALIT KUMAR RAHANGDALE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1 LALIT KUMAR RAHANGDALE 2 MADHUKAR RAHANGDALE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /15289/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 21-10-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15289
**वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **02** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00377** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANIL TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. NARMADA PRASAD TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHYAMLATA PATHAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. NARMADA PRASAD TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /15319/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 21-10-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 15319
**वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **02** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I00449** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUNIL KUMAR KAVDE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMRATAN KAVDE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 SMRITI VAISHNAV 2 AVINASH KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIV KUMAR DAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /14226/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 03-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र.** 14226
**वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **02** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J0591A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PARAMHANS SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DARSHANA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANDEEP SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का वित्तीय समावेशन एवं सुकन्या समृद्धि योजना के खाता खोलने के लिए लगाया गया शिविर

### शिविर में महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य जांच, बड़ी संख्या में महिलाएं हुई लाभान्वित




**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का वित्तीय समावेशन एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खोले जाने हेतु सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं परियोजना मुख्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एल.आर.कच्छप ने बताया कि शिविर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले के 540 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरण नहीं होने के संबंध में चिन्हांकित हितग्राहियों का शिविर में पृथक से खाता खोलकर उनके खाता को आधार से लिंक कराया गया। इसी तरह सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का खाता खोला गया। साथ ही शिविर स्थल में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। इसी तरह परियोजना खरसिया में आयोजित शिविर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिन्हें एक भी किश्त प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें बुलाया गया और समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर स्थल में सुकन्या समृद्धि योजनान्तर्गत 10 हितग्राहियों का खाता खोला गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले के 10 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं का खाता पोस्ट ऑफिस या बैंक पर खोला जा सकता है। इस योजना अंतर्गत सभी योजनाओं में सर्वाधिक ब्याज दर 8.2 प्रतिशत है। खाता न्यूनतम 250 रुपए से खोला जा सकता है एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 1000 व अधिकतम डेढ़ लाख रुपए की राशि जमा की जा सकती है। बेटी की उम्र 18 वर्ष होने पर जमा राशि का 50 प्रतिशत व बेटी की शिक्षा अथवा शादी के लिए निकाल सकते हैं। खाता खोलने के लिए किसी भी डाकघर या बैंक में बालिका का जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का फोटो पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र देते हुए खाता खुलवाया जा सकता है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलकर राशि जमा करने वाले पालकों को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 अंतर्गत आयकर में छूट का प्रावधान है। जिले के आधिकारिक बालिकाओं को लाभ दिलाने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास ने अपने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में महिला अधिकार और हिंसात्मक घटनाओं पर हुआ संगोष्ठी मंथन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** महिला वर्ग के साथ हो रहे हिंसक व्यवहार पर लगातार चिंता जताई जा रही है। इसके साथ ही इनके उन्मूलन से लेकर आरोपियों को त्वरित दंड देने की मांग भी तेज हो गई है। कोरबा के गवर्नमेंट मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज मैं आंतरिक परिवाद समिति ने इसी विषय पर केंद्रित एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छात्राओं ने अपनी बात रखी। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश ममता भोजवानी ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। एक अशासकीय संगठन के सहयोग से कॉलेज प्रबंधन के द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं पर हो रही हिंसात्मक घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ महिलाओं को अपने विधिक अधिकारों की जानकारी से अवगत कराना भी था। मौजूदा कालखंड की चुनौतियां और इनसे होने वाले नुकसान को लेकर कॉलेज की छात्राओं ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश ममता भोजवानी ने अपने संबोधन में बताया कि जिस प्रकार के सवाल और चिंता छात्राओं ने व्यक्त की है वह अत्यंत स्वाभाविक है। अधिकारों के प्रति चेतना का जागरण हो रहा है यह अच्छा संकेत है। छात्राओं की भागीदारी इस प्रकार के कार्यक्रमों में निरंतर होते रहना चाहिए। कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर पापिया चतुर्वेदी ने संगोष्ठी की अवधारणा को स्पष्ट करने के साथ बताया कि आंतरिक परिवाद समिति किस प्रकार से काम करती है और उसकी भूमिका किस तरीके से सुनिश्चित हो रही है। मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि कई प्रकार के विषय समाज और संस्था में चलते हैं जिन पर विचार विनिमय होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अवसर देने के लिए भी ऐसे कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के सभी प्राध्यापक और स्टाफ के अलावा विद्यार्थियों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

## खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ की कार्रवाई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग की टीम जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन और उसके परिवहन पर कड़ी नजर बनाए हुए है। ऐसे लोग जो अधिक लाभ कमाने के लालच में अवैध तरीके से उत्खनन कर रहे हैं, उनके खिलाफ प्रशासन सख्ती से कदम उठा रहा है। खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन और परिवहन में लिप्त लोगों पर नकेल कसने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया। खनिज विभाग ने जेसीबी मशीन का उपयोग कर अवैध उत्खनन के लिए इस्तेमाल हो रहे मार्ग को अवरुद्ध करने के लिए गड्ढे खोद दिए हैं, ताकि इस मार्ग का दोबारा प्रयोग न हो सके। हाल ही में 18 और 19 अक्टूबर 2024 को ग्राम सुराकछार में खनिज विभाग की टीम ने 4 ट्रैक्टर और 1 टिप्पर को अवैध रेत परिवहन में संलग्न पाया। इन वाहनों को तुरंत खनिज अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की गई। इससे पहले, मांड नदी में खनिज विभाग के अधिकारियों ने अवैध उत्खनन में शामिल एक चैन माउंटेन मशीन को भी जब्त किया था। अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ यह मुहिम लगातार जारी रहेगी और दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा दी जाएगी।

## विद्यार्थी परिषद ने पीजी कालेज की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा नगर की ओर से शासकीय ई. वी. पी. जी. महाविद्यालय कोरबा के प्राचार्य को महाविद्यालय की समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा के नगर मंत्री निहाल सोनी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि शासकीय ईबीपीजी महाविद्यालय, कोरबा जिले का अग्रणी महाविद्यालय है। सत्र 2024-25 प्रारंभ हो गया हैं और यहां छात्र-छात्राओं को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थीयों की निम्न समस्याओं का तत्काल निराकरण आवश्यक है। (1) गर्ल्स कॉमन रूम चालू करना, ( 2 )कई विषयों के शिक्षक नहीं है, इस हेतु शिक्षको की भर्ती की जाए, ( 3 ) महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय संपत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षाकर्मी रखे जाएं, ( 4 ) दूर- दूर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास जल्द से जल्द संचालित किया जाए, ( 5 ) महाविद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल की कमी को देखते हुए वाटर फिल्टर एवं वाटर कूलर की व्यवस्था की जाए, ( 6 ) खेल जगत में इच्छुक विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री (स्पोर्ट सामान) उपलब्ध कराई जाए, ( 7 ) प्रायोगिक सामग्री की कमी को देखते हुए प्रयोगशाला में सामग्री की आपूर्ति की जाए, ( 8 ) महाविद्यालय परिसर के बागवानी हेतु फूल फुलवारी एवं माली की व्यवस्था की जाए और ( 9 ) महाविद्यालय परिसर एवं खेल परिसर हेतु सफाई कर्मी की नियुक्ति की जाए।

## करवां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छात्राओं को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने वितरित की साइकिल




**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )** -आज ग्राम पंचायत करवां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित थीं । साइकिल वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री महेश्वर पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कक्षा नौवीं की 47 छात्राओं को श्रीमती राजवाड़े के हाथों साइकिल वितरण किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा व अन्य विषयों को लेकर चर्चा की। सर्वांगीण विकास पर जोर दिया एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को छात्रों से साझा करते हुए सोशल मीडिया के नकारात्मक तत्वों से दूर रहने की सलाह दी। शिक्षा के साथ संस्कार पर भी जोर दिया । विद्यालय में इको क्लब द्वारा संचालित जैविक उद्यान का भ्रमण कर छात्रों के इस कार्य की सराहना की स्वयं अपने हाथों लौंग की वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया। विद्यालय के बाउंड्री वॉल के लिए आश्वासन भी प्रदान किया कि यथासंभव बाउंड्रीवाल निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में ग्राम करवां के ग्रामवासी, विद्यालय के स्टाफ स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा सिंह ने किया।

# ऑटो संघ के लिए बनेगा भवन, उद्योग मंत्री देवांगन ने की भवन के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा

### जिला ऑटो संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए श्रम मंत्री




**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन बुधवारी स्थित आदिवासी शक्तिपीठ स्थल प्रांगण में आयोजित जिला ऑटो संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और बधाई देते हुए कहा कि ऑटो वाले तीनों मौसम में मेहनत करते हैं। बड़ी ईमानदारी के साथ मेहनत करना और जिम्मेदारी तथा विश्वास के साथ यात्रियों को उनके मंजिल तक सुरक्षित पहुचाने का कार्य करते हैं। वे समय की परवाह नहीं करते। शहर से गांव, सुबह से रात में किसी को अस्पताल छोड़ना हो या फिर अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर धूप में, बरसात में हर समय कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा योजना चलाई जा रही है। हमारे असंगठित क्षेत्र के सभी ऑटो ड्राईवर पंजीयन कराएं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति किसी नए शहर में जाता है तो ऑटो ड्राइवर के माध्यम से उस शहर, प्रांत की विस्तृत जानकारी मिल जाती है। जिले के आटो चालक भी अपने दायित्वों का निर्वहन करें और यात्रियों के दिल में भरोसा बनाए रखते हुए जिले के विकास में अपनी योगदान दें। उन्होंने आटो चालकों की समस्याओं को दूर करने हरसंभव मदद की बात कहते हुए संघ के लिए भवन हेतु 20 लाख की राशि देने की घोषणा की। मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में कल्याणकारी योजना संचालित होने की बात कही और बताया कि मोदी की गांरटी के तहत प्रदेश की महिलाओं को हर माह एक हजार उनके खाते में दी जा रही है।

## शिव सेना ने सूरजपुर की घटना में शामिल अपराधियों को फांसी देने की मांग

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में अपराधियो ने कानून के रक्षक सिपाही के परिवार में उनकी पत्नी और मासूम बच्ची को चाकू घोपकर मार दिया गया। घटना की वीभत्सा इसी बात से लगाई जा सकती है कि अपराधी ने मासूम बच्ची पर भी 20 बार वार किया। अत: ऐसे अपराध दोबारा ना हो और अपराधियों में शासन-प्रशासन का भय व्याप्त हो, इसके लिए शिवसेना ने अपराधियों को फांसी की सजा दिए जाने मांग करते हुए कोरबा जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष रवि मैजरवार, संभागीय संगठन मंत्री रमेश श्रीवास, जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला महासचिव रवि श्रीवास, दर्री जोन अध्यक्ष राधे विश्वकर्मा, बालको जोन अध्यक्ष शेर बहादुर, ई-रिक्शा सेना जिला अध्यक्ष राजा केसरवानी, उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी, हालत नाजुक

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। आरोपी ने दो साल की बच्ची का बलात्कार किया। घटना में बच्ची की हालत गंभीर है। मासूम को आईसीयू में भर्ती किया गया है। शांतिनगर में 2 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मासूम बच्ची को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा बच्ची का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद एसपी विवेक शुक्ला, एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल मौके पर पहुंचे थे और पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची थी। पुलिस द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और परिजन के साथ ही आसपास के लोगों का बयान लिया जा रहा है। फिलहाल, आरोपी के बारे में कुछ पता नहीं चला है। दरअसल, शांतिनगर में एक ठेले के पास मासूम बच्ची को लोगों ने देखा और मौके पर भीड़ जुट गई। फिर डायल 112 की मदद से मासूम बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए एसपी विवेक शुक्ला, एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल जिला अस्पताल पहुंचे थे। मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। फिलहाल, आरोपी के बारे में कुछ पता नहीं चला है।

### करेंट की चपेट में आए पति पत्नी, दोनों की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शनिवार सुबह की यह घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के मनगांव रोड आदर्श नगर की है। यहां निवासरत मूलत: उड़ीसा निवासी दुर्योधन महंता और भारती महंता के साथ यह हादसा हुआ है। प्रारंभिक तौर पर जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक शनिवार सुबह 11-12 बजे के आसपास भारती महंता कपड़े सुखाने के लिए घर में खींचे गए तार पर गीले कपड़े सुखा रही थी कि इस दौरान उसे करंट का झटका लगा और वह चिपक गई। उसे इस हालत में देखकर पति दौड़ा-भागा पहुंचा और पत्नी को असावधानी पूर्वक बचाने के चक्कर में वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस हादसे में झुलसे दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। मौत से स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के साथ-साथ उनके उड़ीसा निवासी परिजनों को सूचना दी गई।

### सड़क दुर्धटना में दो युवकों की मौत, एक घायल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालको थानांतर्गत शनिवार की रात जबरदस्त सड़क हादसा में दो युवकों की मौत हो गई। एक बाइक में सवार होकर तीन युवक जा रहे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवक की मौत हो गई वहीं तीसरा घायल है। ग्राम रुकबहरी में दशहरा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसे देखने के लिए कुछ लोग मेहमान के रुप में आए हुए थे। उनके लिए ही तीनों खाने-पीने का सामान लेने जा रहे थे,तभी हादसा हो गया मृतकों के नाम विष्णु मंझवार और मोहन निर्मलकर हैं। घटना की सूचना डायल 112 और 108 संजीवनी एक्सप्रेस को दी गई,जिसके बाद तीनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। रविवार की सुबह दोनों मृतकों का पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। घटना से ग्राम रुकबहरी में शोक व्याप्त है।

### 100 किलो की दर पर बिक रहा सीताफल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शरद ऋतु में अधिक मात्रा में उत्पादित और उपयोग करने वाला सीताफल कोरबा क्षेत्र में 100 प्रति किलो की दर पर लोगों को उपलब्ध है। हालांकि यह ऐसा पहला मौका नहीं है जब सीताफल की दरें इस कदर ऊंचाई पर पहुंची है। फेस्टिवल सीजन में फल की आवक शुरू होने के साथ विक्रेता वर्ग अपने हिसाब से इसकी कीमत है कर रहा है क्योंकि वह जानता है कि कोरबा में इस तरह की चीजों को बढिया आसानी से आप खपा सकते हैं। कोरबा जिले के कुछ ही गांव में सीताफल की पैदावार होती है जबकि इसकी आवक का अधिकतम निर्धारण गौरेला पेंड्रा क्षेत्र से हुआ करता है। वर्तमान में कोरबा शहर के कई ऐसे बिंदु बने हुए हैं जहां पर लोगों को सीताफल देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से सीमित मात्रा में इस फल को लेकर आने वाले लोगों ने अब तक की स्थिति में प्रति किलो 100 कीमत फिक्स कर रखी है। कीमत के मामले में समझौते जैसी स्थिति फिलहाल नहीं बन रही है। बताया गया कि कीमत ज्यादा होने से बिक्री सामान्य रूप से हो रही है। चिकित्सक बताते हैं कि सीताफल में कई प्रकार के गुण शामिल है जैसे खास बनाते हैं और इस ऋतु में इसका उपयोग करने से कई प्रकार के लाभ शरीर को होते हैं।

# संपादकीय

## चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल

गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर ध्यान दे। कांग्रेस के राजधानी स्थित प्रवक्ताओं ने हरियाणा के चुनाव नतीजों को अस्वीकार कर दिया है। भाजपा की जीत के बाद जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि यह हेरफेर के जरिए हासिल की गई जीत है। मगर हरियाणा में पार्टी दो दिग्गज नेताओं- भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा ने कांग्रेस की हार को स्वीकार किया है। हुड्डा ने कहा है कि विरोध जताते हुए वे इसे स्वीकार कर रहे हैं, जबकि शैलजा ने हार का पूरा ठीकरा प्रदेश इकाई के सिर फोड़ा है। उधर कर्नाटक के प्रमुख कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने भी हरियाणा के जनादेश को स्वीकार किया है। इसलिए भ्रम पैदा हुआ है कि हरियाणा के चुनाव परिणाम पर पार्टी की असल राय क्या है? निर्विवाद है कि भारत में चुनाव भले स्वतंत्र हों, लेकिन निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। पैसा, प्रचार तंत्र, और निर्वाचन आयोग जैसी निर्णायक संस्थाओं के एक पार्टी की तरफ पूरे झुकाव ने प्रतिस्पर्धा का समान धरातल नहीं रहने दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद वोट फॉर डेमोक्रेसी नामक एक एनजीओ ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया कि जिन 240 सीटों पर भाजपा जीती, उनमें से 79 पर अंतर उन वोटों से पड़ा, जिन्हें मतदान के दिन के बाद निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर बताया था। मगर कांग्रेस पार्टी ने ऐसे सवालों को कभी-कभार ही उठाया है। उसने कभी इसे पूरी शिद्दत से नहीं उठाया, ना ही इनको लेकर कभी सुसंगत एवं निरंतर जन अभियान चलाया है। अभी भी ऐसा नहीं लगता कि इस मुद्दे पर पार्टी के अंदर कोई गंभीर विचार-विमर्श हुआ है या उसका इरादा इसे जनता के बीच ले जाने का है। गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। इसके विपरीत बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर विचार करे। सोशल मीडिया पर सियासत करने के बजाय जमीनी राजनीति पर ध्यान देना बेहतर होगा।

# लोकसभा चुनाव में दलित वोट बहुत निर्णायक

अजीत द्विवेदी

हरियाणा ने हवा बदल दी है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कहा जा रहा था कि चार राज्यों का विधानसभा चुनाव डन डील है। यानी चारों राज्यों में भाजपा हारेगी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन %इंडिया' की जीत होगी। हर राजनीतिक विश्लेषक और चुनाव रणनीतिकार दावा कर रहा था। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता भी यही मान रहे थे। जम्मू कश्मीर व हरियाणा के मतदान के बाद आए एक्जिट पोल के नतीजे भी इसी भावना के अनुरूप थे। लेकिन नतीजों ने सब कुछ बदल दिया। हरियाणा में तमाम अनुमानों के उलट भाजपा ने बहुत बड़ी जीत दर्ज की। उसके वोट प्रतिशत में 2014 के मुकाबले सात फीसदी और 2019 के मुकाबले करीब चार फीसदी की बढ़ोतरी हुई और उसने 2014 से भी ज्यादा सीटें जीतीं। जम्मू कश्मीर में नतीजा भाजपा के मनमाफिक नहीं रहा लेकिन उसका वोट शेयर और सीटें दोनों में बढ़ोतरी हुई। इन दोनों नतीजों के बाद भाजपा को लेकर सारी धारणा बदल गई है। हरियाणा में भाजपा ने दिखाया है कि नतीजे लोकप्रिय अनुमानों के अनुरूप आएं, ऐसा जरूरी नहीं है। आखिरी सांस तक लड़ कर और सारे दांवपेंच आजमा कर चुनाव जीता जा सकता है। इसके लिए %स्ट्रेटेजिक' और %टैक्टिकल' दोनों उपाय आजमाने की जरुरत होती है, जो हरियाणा और जम्मू कश्मीर में भाजपा ने आजमाए। तभी अब महाराष्ट्र और झारखंड का चुनाव पूरी तरह से खुल गया है। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में जिस तरह से कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी ने प्रदर्शन किया उससे लग रहा था कि विधानसभा चुनाव में मुकाबला एकतरफा होगा। इसी तरह झारखंड में भी जैसे भाजपा की सीटें कम हुईं और वह आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी सीटें हार गई उससे भी यह धारणा बनी कि सत्तारूढ़ जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन के लिए मुकाबला बहुत आसान होगा। लेकिन चुनाव की घोषणा तक आते आते दोनों राज्यों में यह धारणा बदल गई है। अब कहीं भी एकतरफा मुकाबले की बात नहीं हो रही है। यहां तक कि चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले सोमवार, 14 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन खडग़े और राहुल गांधी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की तो राहुल ने प्रदेश के नेताओं से एक ही बात कही कि, देखिएगा कहीं महाराष्ट्र हरियाणा न हो जाए।



सोचें, इस जुमले पर। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जुमला बोला था। उन्होंने कहा था कि हरियाणा कांग्रेस के लिए मध्य प्रदेश होने जा रहा है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस जीत के इतने भरोसे में थी कि चुनाव लडऩे की बजाय कमलनाथ शपथ ग्रहण की तैयारियां कर रहे थे और वहां भाजपा दो तिहाई बहुमत से जीती। उसी तरह हरियाणा में चुनाव लडऩे की बजाय भूपेंद्र सिंह हुड्डा शपथ की तैयारी कर रहे थे और भाजपा पिछले दो चुनावों से ज्यादा वोट और सीटों के साथ चुनाव जीत गई। अब राहुल गांधी को चिंता है कि महाराष्ट्र कहीं हरियाणा न हो जाए। यानी जैसे हरियाणा मध्य प्रदेश हुआ वैसे ही महाराष्ट्र हरियाणा भी हो सकता है। यह चिंता अनायास नहीं है, हरियाणा और जम्मू कश्मीर के नतीजों के बाद यह चिंता वास्तविक हो गई है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार के पार्टी के गठबंधन यानी महा विकास आघाड़ी को 48 में से 31 सीटें मिलीं और भाजपा का गठबंधन महायुति 17 सीटों पर सिमट गया। यह स्पष्ट रूप से महा विकास अघाड़ी के एडवांटेज की तस्वीर है। लेकिन वोट प्रतिशत में नजदीकी मुकाबला है। भाजपा गठबंधन को करीब 41 फीसदी और कांग्रेस गठबंधन को करीब 44 फीसदी वोट मिले हैं। यानी तीन फीसदी वोट का अंतर है। इसमें भी भाजपा अपना 26 फीसदी के आसपास का वोट बचाए रखने में कामयाब रही है। ध्यान रहे 2014 से अभी तक के पांच चुनावों में चाहे वह शिव सेना के साथ लड़ी या उससे अलग लड़ी, उसको हर बार 25 से 27 फीसदी वोट मिले। शिव सेना टूटने के बाद जो पहला चुनाव हुआ यानी 2024 का लोकसभा चुनाव उसमें उद्धव ठाकरे की शिव सेना 21 सीटों पर लड़ी और नौ सीट जीती। उसको 16.52 फीसदी वोट मिले। दूसरी ओर एकनाथ शिंदे की शिव सेना 15 सीटों पर लड़ी और सात पर जीती। उसे 13 फीसदी वोट मिले। यानी शिंदे की शिव सेना का स्ट्राइक रेट बेहतर रहा। शिव सैनिकों ने उनका साथ नहीं छोड़ा। हो सकता है कि केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए शिव सैनिक उनके साथ गए हों और विधानसभा में उनका मतदान व्यवहार अलग हो। लेकिन कम से कम लोकसभा चुनाव के आंकड़ों से तो नहीं लग रहा है कि शिंदे की शिव सेना बहुत कमजोर है। महायुति की कमजोर कड़ी अजित पवार की पार्टी है। स्थायी वोट प्रतिशत के अलावा अगर दूसरे पहलुओं को देखें तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद महायुति की सरकार ने जितने उपाय किए हैं उनसे भी मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना बढ़ गई है। राज्य सरकार ने महिलाओं को लड़की बहिन योजना के तहत डेढ़ हजार रुपया हर महीना देना शुरू किया है। यह बहुत महत्वाकांक्षी योजना है, जो कर्नाटक से लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक में सफल साबित हुई है। इस पर राज्य सरकार का हर साल 46 हजार करोड़ रुपया खर्च होना है। इसके अलावा राज्य सरकार ने लाड़ला भाई योजना शुरू की है, जिसके तहत 12वीं पास युवाओं को छह हजार रुपए, डिप्लोमा धारी युवाओं को आठ हजार और डिग्रीधारी युवाओं को 10 हजार रुपए महीने की मदद दी जाएगी। इस तरह महिला और युवा दो समूहों को साधने का प्रयास हुआ है। इस बीच केंद्र सरकार ने एकीकृत पेंशन व्यवस्था और आयुष्मान भारत योजना में 70 साल से ऊपर से बुजुर्गों को पांच लाख के मुफ्त इलाज की घोषणा करके सरकारी कर्मचारियों और बुजुर्गों को साधने का प्रयास किया है। राज्य सरकार ने अन्य पिछड़ी जातियों के लिए दो दांव चले हैं। पहला तो यह है कि उसने केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी है कि क्रीमी लेयर की सीमा आठ लाख रुपए सालाना से बढ़ा कर 15 लाख किया जाए। दूसरा, उसने सात जातियों को ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल करने का प्रस्ताव भी भेजा है। लोकसभा चुनाव में तीन प्रतिशत वोट की बढ़त के साथ अगर महा विकास अघाड़ी यानी कांग्रेस, शरद पवार और उद्धव ठाकरे के गठबंधन की बात करें तो उनकी स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत है। इसका एक कारण तो यह है कि मराठा आरक्षण और ओबीसी का विवाद राज्य सरकार ठीक तरीके से हैंडल नहीं कर सकी। मनोज जरांगे पाटिल मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं। राज्य सरकार ने धनगर और आदिवासी मुद्दे को भी ठीक से नहीं हैंडल किया, जिससे दोनों समुदाय नाराज हैं। किसान आंदोलन के समय से ही किसान और मराठा दोनों भाजपा से नाराज हैं और वह नाराजगी लोकसभा चुनाव में दिखी भी। इसके अलावा महाराष्ट्र से बड़ी परियोजनाओं को गुजरात ले जाने से जो विवाद हुआ है और मराठा अस्मिता का मामला जिस तरह से भड़का है वह भी सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए चुनौती है। ये दोनों चीजें महा विकास अघाड़ी को चुनावी फायदा पहुंचा सकती हैं। तीसरी बात जो महाविकास अघाड़ी के लिए फायदे वाली हो सकती है वह उद्धव ठाकरे और शरद पवार के प्रति सहानुभूति का भाव है। यह आम धारणा है कि भाजपा ने दोनों पार्टी तोडऩे में भूमिका निभाई। इससे उद्धव के प्रति सहानुभूति से हिंदू वोटों का तो शरद पवार के प्रति सहानुभूति से मराठा वोटों की गोलबंदी हो सकती है। इसी तरह कांग्रेस की वजह से अघाड़ी के पक्ष में मुस्लिम वोटों की गोलबंदी हो सकती है। हालांकि कांग्रेस और शरद पवार के साथ जाने से उद्धव ठाकरे की कट्टर हिंदू नेता वाली छवि प्रभावित हुई है और उनको मुस्लिमपरस्त बताने का अभियान भी चल रहा है। ऊपर से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने का मामला भी अटका है। इनके अलावा महाराष्ट्र में दलित वोट बहुत निर्णायक होगा, जिसको बिखरा देने के प्रयास चालू हो गए हैं।

# आलेख

## यदि मनुष्य है तो ईमानदारी से सोचे

हरिशंकर व्यास

ईमानदारी से सोचे, यदि मनुष्य है तो जरूर सोचे। हम क्या होते हुए है? क्या ईमानदारी, सदाचारी, सत्यवादी, विन्रम, संतोषी, विश्वासी और प्रेम व करूणा, अंहिसा के सनातनी व्यापक धर्म की नैतिक मंजिले पाते हुए है या भ्रष्ट-बेईमान, झूठे, अंहकारी, भूखे, अविश्वासी, घृणा-नफरत, हिंसा से मन-मष्तिष्क, चित्त-वृति को भरते हुए है? मेरा मानना है हम बतौर नागरिक, समाज, धर्म व राष्ट्र उन वृतियों, प्रवृतियों, मन और व्यवहार में वे अवगुण धारते हुए है जिसकी कल्पना कलियुग के सर्वाधिक बुरे समय में भी नहीं थी। निश्चित ही किसी कौम और धर्म का नैतिक पतन देश-काल की आबोहवा की लीला से है। लेकिन हम भारतीयों की समस्या यह है कि हम पहले से ही कलियुग की जिंदगी जी रहे है तो और कितने कलियुगी बनेंगे? कितने और भ्रष्टाचारी, दुराचारी, अंहकारी, झूठे, अविश्वासी, नफरती बनेंगे? व्यक्ति, घर-परिवार, कुनबे, खांप, जात-पात, राजनीति, समाज के वेयक्तिक तथा सामुदायिक व्यवहार में यदि %घृणा' ही परमो जीवन धर्म बना तो अपना बनना कैसा होगा? कैसा तो विकसित भारत होगा? कैसे एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसी जुमलेबाजी कोई शक्ल लेगी? घृणा का जन्म प्रतिक्रिया में होता है। वह आंशका, असुरक्षा, ईर्ष्या और भूख से हवा पाती है और मंद-कुंद बुद्धी से पोषित होती है। दुनिया की दूसरी नस्लों में भी घृणा का जीवन व्यवहार है। लेकिन हम हिंदुओं की समाज रचना में ऐसे असंख्य कारण है जिससे पग, पग पर, घर-घर में भूख, ईर्ष्या, असुरक्षा इस अनुपात में बढ़ते हुए है कि जहां चुनाव-राजनीति में घृणा है वही सामाजिक रिश्तों में जलन और नफरत है। वेयक्तिक रिश्तों की असुरक्षाओं से घृणा के अलग नए रूप है। कानून-व्यवस्था, नैरेटिव, बुद्धी सब नफरत में दौड़ती हुई है। इसलिए कटु सत्य है कि 1947 के बाद, विकास की कथित सीढियों के हर मुकाम पर भारत का इस नाते पतन है क्योंकि हर सीढ़ी पर भारतीय दिल-दिमाग भ्रष्ट बना है। लोगों की एक दूसरे की समझ में यह हाल है कि कमोबेस हर व्यक्ति सामने वाले का चेहरा व नाम सुन, उसकी जात, उसके धर्म, उसके व्यवहार, स्वभाव में या तो खतरा बूझता है, ईर्ष्या करता है या उसे लूटने-ठगने की तिकड़म बनाता है और नकली व झूठा व्यवहार बनाता है। हां, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर किसी गांव-गली का कोई पंच-सरपंच जब सामने दूसरे को बूझता है तो ऐसा सहज-सरल मनुष्य स्वभाव में नहीं होता है। बल्कि वह सामने वाले को इस नजर से तौलता है कि इससे मेरा क्या? यह किस जात का, किस धर्म का? मेरे लिए ठिक या बुरा? मुझे चाहने वाला या मेरे से नफरत करने वाला? मेरा वोट है या दुश्मन का? मेरी पार्टी या दुश्मन की पार्टी? मेरी जात का या फंला जात का? पैसे वाला या गरीब? और लोगों का इस तरह तौलते हुए भारत के समाज, भारत की इकोनोमी, बाजार, राजनीति, अदालत, हर तरह की व्यवस्था में वह व्यवहार है जिसमें एक-दूसरे पर विश्वास कम है अविश्वास अधिक। एक-दूसरे के प्रति इंसानियत का व्यवहार कम है और नफरत व बदनियती अधिक है। एक-दूसरे की सेवा कम है और लूट अधिक। भलाई कम है बुराई और स्वार्थ अधिक। ऐकलखोरापना अधिक है और दूसरे की चिंता कम है। मैं' अंहम है और हम' का दिखावा है!

### यह सब क्यों?

इसलिए क्योंकि भारत के हम लोग दिमागी तौर पर विकृत हो रहे है। आजादी के बाद का हमारा कुल सफर नैतिक गिरावट का है। और भारत के लिए इक्कीसवीं सदी गिरावट की पाताल भूमि है। वजह राजनीति है। पहले जात की राजनीति फिर धर्म की राजनीति ने हम हिंदुओं में छीनाझपटी का वह संस्कार, स्वभाव पैंठाया है जिसमें मूल्यवत्ता, नैतिकता, काबलियत, चाल, चेहरे, चरित्र का कोई मान नहीं रहा। अब हर व्यक्ति, हर जाति, हर धर्म, अपनी भूख, ईर्ष्या, असुरक्षा में घृणा के इतने रूप धारे हुए है कि ओर- छोर नहीं मिलेगा। निश्चित ही घृणा' में दुनिया की बाकि सभ्यताएं भी है। लेकिन हिंदुओं और बाकि धर्मों, सभ्यताओं का फर्क यह है कि हमने आजादी के बाद असमानताओं को नए आकार।

# प्रभात का कभी सूर्यास्त नहीं हो सकता


लोकेन्द्र पाराशर

मनुष्य जब अस्तित्व में आता है, तो उसकी प्रारंभिक पहचान उसकी देह से होती है। सामान्य व्यक्ति इसी देह के साथ ही एक दिन समाप्त भी हो जाता है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे लोग भी जन्म लेते हैं, जिन्हें उनकी देह से नहीं दैदीव्यता से पहचाना जाता है। ऐसे ही मनुष्य को असाधारण, विलक्षण, प्रखर, प्रतापी, विचारवान, दयावान, निर्णायक, परिश्रमी जैसे शब्दों से अलंकृत किया जाता है। आदरणीय प्रभात झा जी के जीवन काल को हम देखें तो ध्यान में आता है कि उन्होंने सब बातों की चिंता करते हुए यदि किसी एक चीज की चिंता नहीं की तो, वह उनकी देह ही थी। देह से पूर्णतः विरक्त रहकर रक्त-रक्त को परिश्रम की पराकाष्ठा में लगा देना ही प्रभात जी की पहचान थी। बिहार से चलकर मुंबई और ग्वालियर आगमन की यात्रा को जिन लोगों ने देखा, उन्होंने प्रभात जी को एक अभाव में पलने वाले प्रभाव' के रूप में ही देखा। मेरा उनका परिचय 1984 में उस समय हुआ जब माननीय अटल जी ग्वालियर से श्री माधवराव सिंधिया जी के विरुद्ध चुनाव मैदान में थे। एक सभा के मंच के समीप ही उन्होंने मुझे पूछा 'मुझे जानते हो'' मैंने कहा नहीं तो...। वे मुझे पास की दुकान में मौसम्बी रस पिलाने ले गए, वहीं पूरा परिचय दिया। मैं भौंचक्का था, कारण का उल्लेख करना समचीनी नहीं है, बस इतना समझ लीजिए कि मैं उनके नाम को लेकर दुराग्रही था। लेकिन उस पहले परिचय के बाद उन्होंने जिस आत्मीयता के साथ मुझे भाजपा के संभागीय कार्यालय मुखर्जी भवन में आवास उपलब्ध कराने से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक की चिंता की, उसने तो मुझे अंदर तक ग्लानि से भर दिया। 'मैं क्या सोचता था और वो क्या निकले। समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ स्वदेश' में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मण्डल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। एक समय था जब स्वदेश यानि प्रभात जी थे और प्रभात जी यानि स्वदेश था। रामजन्म भूमि आन्दोलन में मैंने उनकी पत्रकारिता और प्रतिबद्धता को बहुत गहरे से देखा। ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी। खैर! जीवछ और बऊआ नामक बेटों के आने के बाद भी कभी किसी ने यह नहीं देखा कि प्रभात जी पण्डित जी (वे भाभी को पण्डित जी ही कहते थे) के साथ बाजार गए हैं या बेटों को किसी उद्यान की सैर करा रहे हैं। कुल मिलाकर परिवार की जिम्मेदारी से लगभग विरक्त रहकर उन्होंने अपनी यात्रा को समष्टि के लिए इस कदर आगे बढ़ाया कि विचार ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश का पहला मीडिया प्रभारी बनाया। बाद में वे राष्ट्रीय पदाधिकारी, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी बने। वे जहां रहे, वहां अपने कृतित्व की सुगंध छोड़ते चले गए। आज भी स्वदेश की बात आए तो प्रभात जी की बात होती है। भाजपा कार्यालय में आज भी उनके उल्लेख के बिना राजनैतिक कौशल पर चर्चा पूरी नहीं हो पाती है। मैं सात वर्षों से अधिक भाजपा का प्रदेश मीडिया प्रभारी रहा, लेकिन मैंने यह अनुभव किया कि इस विभाग पर आज भी सिर्फ प्रभात जी की ही छाप है। यह देखकर मुझे सदैव आनंद ही रहा, क्योंकि वे मेरे पत्रकारिता काल के योग्य अग्रज रहे थे। प्रभात जी हमारे बीच देह से भले नहीं हैं, लेकिन उनके प्राण तत्व की प्रतिष्ठा ऐसी है कि वह पग-पग पर परामर्श देती रहेगी। उनके व्यक्तित्व के पीछे केवल और केवल उनकी वैचारिक स्पष्टता और उस पर चलने की बेजोड़ कर्मठता थी। शब्दों की मर्यादाएं ऐसी हैं कि वह प्रभात जी के कृतित्व को समेट ही नहीं सकती। आज हमने अपना नक्षत्र खोया तो है, लेकिन केवल शरीर से खोया है, उनका शरीर निसंदेह अधिक परिश्रम की भेंट चढ़ा है। वरना इतनी जल्दी जाते ही नहीं। प्रभात जी हमें जो देकर गए हैं वह प्रेरणा अविनाशी है। समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ स्वदेश' में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मण्डल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। एक समय था जब स्वदेश यानि प्रभात जी थे और प्रभात जी यानि स्वदेश था। रामजन्म भूमि आन्दोलन में मैंने उनकी पत्रकारिता और प्रतिबद्धता को बहुत गहरे से देखा। ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी। खैर! जीवछ और बऊआ नामक बेटों के आने के बाद भी कभी किसी ने यह नहीं देखा कि प्रभात जी पण्डित जी (वे भाभी को पण्डित जी ही कहते थे) के साथ बाजार गए हैं या बेटों को किसी उद्यान की सैर करा रहे हैं। उन्होने जो दिया है, उसके लिए असंख्य कार्यकर्ता अनंत काल तक कृतज्ञ रहेंगे। क्योंकि प्रभात' का कभी सूर्यास्त' नहीं हो सकता।

# एक राष्ट्र एक चुनाव भारत के लिए सही नहीं

भानु धमीजा

एक साथ चुनावों के बारे में एक सामान्य गलतफहमी यह है कि वे अमेरिका की राष्ट्रपति प्रणाली के समान हैं। यह बात सच्चाई से बहुत दूर है। समिति ने केवल छह देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, फिलीपींस आदि) की चुनाव प्रणाली का अध्ययन किया, लेकिन ब्रिटेन या संयुक्त राज्य अमेरिका का नहीं 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' एक ऐसा विचार है जो सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन भारत के लोगों के लिए कारगर नहीं होगा। इसके प्रचारित लाभ नकली हैं, और हमारा इतिहास बताता है कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री एक साथ या अलग-अलग चुनाव अपने स्वयं के राजनीतिक गणित के आधार पर चुनते हैं, न कि लोगों के लाभ के लिए। मोदी कैबिनेट ने हाल ही में भारत की राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय प्रतिनिधि सभाओं को एक साथ चुनने के लिए कोविंद समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। वन नेशन वन इलेक्शन (ओएनओई) का विचार पहली बार 2016 में पीएम मोदी द्वारा प्रस्तावित किया गया था, और पिछले साल उन्होंने इसकी जांच के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति की स्थापना की थी। अब वह इस प्रस्ताव को अगली संसद के माध्यम से आगे बढ़ाना चाहते हैं। वर्ष 1951 से 1962 तक, प्रधानमंत्री नेहरू ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए भारत के पहले तीन चुनाव एक साथ आयोजित किए, क्योंकि वह और उनकी कांग्रेस पार्टी देश भर में बेहद लोकप्रिय थी। पार्टी ने लगभग सभी राज्यों में बहुमत हासिल किया, नेहरू ने अपने पसंदीदा मुख्यमंत्री चुने, और नई दिल्ली से पूरे देश को चलाते रहे। भारत के संविधान के प्रसिद्ध इतिहासकार ग्रैनविले ऑस्टिन ने लिखा है, 'केंद्र और अधिकांश राज्य सरकारों में, पार्टी और सरकार सियामी जुड़वां की तरह थे, जो सिर, कूल्हे और पैर की अंगुली तक जुड़े हुए थे।' परंतु जब 1967 के चुनाव में लोकसभा में कांग्रेस का बहुमत घटकर 25 रह गया और पार्टी आठ राज्यों में हार गई, तो प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय और राज्य चुनावों को अलग-अलग करने का फैसला किया। उन्होंने अपने 'गरीबी हटाओ' अभियान के तहत एक बड़ा कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किया, लोकसभा एक साल पहले भंग कर दी, और 1971 में चुनाव कराने की घोषणा की। उनकी कांग्रेस (आर) ने 520 में से 350 सीटें जीतीं और दो-तिहाई बहुमत हासिल किया। परंतु श्रीमती गांधी ने




तमिलनाडु को अलग नहीं किया। उस राज्य में, सीएम करुणानिधि ने भी विधानसभा को जल्दी भंग कर दिया और श्रीमती गांधी के साथ गठबंधन कर लिया ताकि उनके एक प्रतिद्वंद्वी, के. कामराज, को हराया जा सके। प्रधानमंत्री की मर्जी से एक साथ या अलग-अलग चुनाव कराने की यह परंपरा देश के लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। उदाहरण के लिए, भारत के संघीय ढांचे पर इसके हानिकारक प्रभावों पर विचार करें। हमारे देश के आकार और विविधता को देखते हुए, यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा है कि राज्य के मुद्दे, नेता और दल प्रमुखता से उभरें। राज्य के चुनावों के मूल्य को कम करनाज्जो राष्ट्रीय दलों, नेताओं और मुद्दों के साथ जुडऩे से निश्चित रूप से होगाज केवल स्थानीय जवाबदेही को नुकसान पहुंचाएगा। 'ओएनओई' एक बुनियादी संसदीय सिद्धांत का भी मजाक बनाता है, कि सरकारों को जवाबदेह ठहराया जा सकता है और किसी भी समय वे गिर सकती हैं। यह वह मुख्य लाभ है जिसे हमारे संस्थापकों, विशेषकर बीआर अंबेडकर ने संसदीय प्रणाली के चयन के लिए प्रमुखता से गिनवाया था। अगर कोई सरकार गिरती है और 'ओएनओई' के तहत नया चुनाव होता है, तो नई सरकार का कार्यकाल छोटा करना होगा और कोविंद कमेटी यही सिफारिश करती है। यह न केवल उन लोगों के लिए अनुचित है जो चुनाव लड़ते हैं, और जो जीतते हैं, बल्कि यह अलोकतांत्रिक भी है। जनता चुनावी वादों को पूरा करने के लिए सरकारें चुनती हैं, लेकिन कुछ ही महीनों के लिए चुनी गई सरकार न इन्हें पूरा कर सकती है और न ही जवाबदेह ठहराई जा सकती है। मोदी के विरोधियों ने आरोप लगाया है कि कोविंद कमेटी की रिपोर्ट को पूर्व निश्चित किया गया था। यह आरोप न्यायोचित है, यदि आप रिपोर्ट को इसके मुख्य तर्क से आंकते हैं, कि कई चुनाव कराने से 'सरकार, व्यवसायों, श्रमिकों, अदालतों, राजनीतिक दलों, चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवारों, और बड़े पैमाने पर नागरिक समाज पर भारी बोझ पड़ता है।' भारत दुनिया का सबसे बड़ा फलता-फूलता लोकतंत्र होने की डींग नहीं हांक सकता यदि यह चनावों को एक बोझ के रूप में देखे। क्या हमारे लोकतंत्र से ज्यादा महत्त्वपूर्ण कुछ है, और क्या लोगों द्वारा स्वयं अपने नेताओं को चुनने से ज्यादा मौलिक कुछ है? समिति की सिफारिशें इस बोझ को कम करने के लिए वास्तव में कुछ ज्यादा करती नहीं हैं। यह वर्तमान तीन चुनावों (लोकसभा, राज्य और पंचायतों) की संख्या को घटाकर दो (लोकसभा प्लस राज्य और पंचायत 100 दिन बाद) करने कां सुझाव देती है। यदि लोकसभा और राज्य चुनावों को जोड़ भी दिया जाए, तो उम्मीदवार, कार्यकर्ता, पार्टियां और नागरिक समाज संगठन प्रत्येक चुनाव के लिए अलग-अलग प्रचार तो फिर भी करेंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# शरद पूर्णिमा श्रुतज्ञान महोत्सव पर अयोध्या में युवा परिषद् का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

**डॉ. जीवन प्रकाश जैन ने कहा- देश के युवा व्यवसाय की ओर आगे बढें**




**जयपुर ( विश्व परिवार )।** भगवान ऋषभदेव आदि पांच तीर्थंकरों की जन्म भूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या बड़ी मूर्ति जैन मंदिर परिसर में भारत गौरव गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के 73वें संयम दिवस एवं 91 वें जन्म जयंती पर 3 दिवसीय कार्यक्रम में आयोजित शरद पूर्णिमा श्रुत ज्ञान महोत्सव, अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद् व महिला संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन, महामस्तिकाभिषेक, विशाल रथयात्रा 16 से 18 अक्टूबर 2024 तक परम पूज्य आर्यिका शिरोमणि गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के सानिध्य में, प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका रत्न श्री चंदनामती माताजी के मार्गदर्शन में एवं युवा परिषद के परामर्श प्रमुख पीठाधीश स्वस्ति श्री रवींद्र कीर्ति स्वामी जी के निर्देशन में सफलता व उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुए।

युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया 16 अक्टूबर को सांय 7 बजे महाआरती के पश्चात युवा परिषद् का राष्ट्रीय अधिवेशन युवा परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जीवन प्रकाश जैन जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर की अध्यक्षता में, मुख्य अतिथि संजय पापडीवाल ओरंगावाद, प्रमोद कासलीवाल महाराष्ट्र, डॉ.अनुपम जैन इन्दौर थे, विशिष्ट अतिथि डांअभय जैन लखनऊ, सभी अतिथियों का स्वागत अयोध्या तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा किया गया। अधिवेशन में अतिथियों द्वारा दीप प्रवलन, चित्र अनावरण किया गया।

मंगलाचरण युवा परिषद् के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन हस्तिनापुर ने किया, उन्होंने युवा परिषद् की प्रस्तावना व गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों, अयोध्या तीर्थ क्षेत्र कमेटी के सभी पदाधिकारियों, युवा परिषद् के उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन, स्वागत किया, और उन्होंने तीर्थ क्षेत्रों के संरक्षण हेतु देश के युवाओं को संगठित होने की आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ. जीवन प्रकाश जैन जम्बूद्वीप हस्तिनापुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि देश की युवा पीढ़ी पढ़-लिख कर व्यवसाय को सम्भालें, नौकरियों से दूर रहें। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या में 5 जनवरी 2025 को 48 ? वां स्थापना दिवस मनाये ? जाने की घोषणा की।

तीर्थंकर ऋषभदेव जैन विद्वत महासंघ द्वारा डांस अभय जैन लखनऊ को चन्दा देवी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया। राजस्थान की गतिविधियों पर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन ने, उत्तर प्रदेश की गतिविधियों पर अध्यक्ष आदीश जैन लखनऊ, बुन्देलखण्ड की अशोक क्रान्तिकारी ने, खंडवा की जितेन्द्र जैन लुहाड़िया, इन्दौर एम पी की अर्पित जैन वाणी, टिकैतनगर की गतिविधियों पर परमेंन्द्र जैन आदि ने प्रकाश डाला। कुशल संचालन युवा परिषद् के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बिजेंद्र जैन शाहदरा दिल्ली ने किया। 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा श्रुतज्ञान महोत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 1बजे अवध प्रान्त के विविध स्थानों से ? उपस्थित महिला संगठनों की सदस्याओं ने बड़ी भक्ति भाव से परमपूज्य गणिनी प्रमुख श्रीज्ञानमती माताजी की नृत्य एवं विभिन्न पोशाकें पहन कर पूजा करवाई, जिसका संयोजन लखनऊ से स्मृति जैन सराफ, रूबी जैन आदि महिलाओं द्वारा किया गया। रात्रि को महाआरती, लघु नाटिका गणिनी ज्ञानमति अवध प्रान्तीय महिला संगठन के द्वारा जिसका संयोजन अध्यक्ष सुनयना जैन ने किया, माताजी का जन्म समय के अवसर पर विभिन्न वाद्ययंत्रों, नृत्य व जयकारों के साथ जन्म दिन मनाया। युवा परिषद् के मुख्य संयोजक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन हस्तिनापुर ने बताया कि महोत्सव में विभिन्न पुरस्कार यथा ज्ञानमती पुरस्कार राजकुमार सेठी कलकत्ता को, जम्बूद्वीप पुरस्कार बिजेंद्र कुमार जैन शाहदरा दिल्ली को, रत्नमती पुरस्कार सुमतिबाई कासलीवाल पटना, युवा परिषद् का युवा रत्न पुरस्कार अर्पित जैन इन्दौर आदि त्रिलोक शोध संस्थान जम्बूद्वीप हस्तिनापुर व अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद द्वारा समर्पण किए गये।

इस अवसर पर पूज्य माता जी ने अपने आशीर्वचन में अपने उत्कृष्ट संयम काल के संस्मरण सुनाए और सभी उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किये। समस्त शरद पूर्णिमा महोत्सव का कुशल संचालन डां.जीवन प्रकाश जैन जम्बूद्वीप हस्तिनापुर ने ने किया। युवा परिषद् के राष्ट्रीय अधिवेशन में युवा परिषद् के उपाध्यक्ष पवन कुमार जैन घुवारा, संगठन मंत्री निधेश जैन टिकैतनगर, उत्तर प्रदेश प्रांतीय महामंत्री रितेश जैन लखनऊ, महाराष्ट्र से कमल कासलीवाल, रोशन जैन मुंबई लखनऊ से वीर कुमार जैन, प्रतिष्ठाचार्य अकलंक जैन के साथ विभिन्न प्रांतों से युवा परिषद् के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए। उक्त महोत्सव में विभिन्न प्रांतो से समाज श्रेष्ठी, विद्वान, विभिन्न राष्ट्रीय संस्थाओं के राष्ट्रीय पदाधिकारी व सदस्य पहुंचे। 18 अक्टूबर को प्रात अभिषेक, भव्य रथयात्रा निकाली गई। परमपूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका रत्न श्री चन्दनामती माताजी ने सभी उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। **-उदयभान जैन**

# हम जिस स्थान पर रहते हैं तथा जैसे लोगों से मिलते हैं उसका प्रभाव हमारे ऊपर पड़ता है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** हम जिस स्थान पर रहते हैं तथा जैसे लोगों से मिलते हैं उसका प्रभाव हमारे ऊपर पड़ता है, कहीं जाने से हमें सकारात्मक प्रेरणा मिलती है तो कहीं हम नकारात्मकता से भर उठते हैं। प्रत्येक व्यक्ति तथा प्रत्येक वस्तु का अपना-अपना आभा मंडल होता है, विशेष व्यक्ति का विशेष तथा सामान्य व्यक्ति का सामान्य आभामंडल हुआ करता है जिसे आजकल हम लोग ओरा के नाम से जानते है। उपरोक्त उद्‌गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने भक्तामर स्त्रोत्र में भामंडल प्रातिहार्य की व्याख्या करते हुये व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि भगवान के भामंडल का प्रभाव ही ऐसा होता है कि उसके आगे सभी पदार्थ निस्तेज हो जाते है।उन्होंने कहा कि महापुरुषों के शरीर से उनके मस्तक के चारों ओर से वर्तलाकार पीली किरणें निकला करती है, और उसका अपना प्रभाव होता है जैसे जब हम किसी संत के चरणों में जाते है तो उसके दिव्य प्रभाव से प्रचंड क्रोधी व्यक्ति भी शांत हो जाता है और जब हम किसी नकारात्मक या क्रोधी व्यक्ति से मिलते है, उसकी नकारात्मकता का प्रभाव हमारे ऊपर पड़ता है। आजकल तो कुछ ऐसी डिवाइस भी निकल गयी है जिसके आधार पर व्यक्ति के आभामंडल का चित्रण किया जा सकता है। उन्होंने रूस के वैज्ञानिक किलियान और डार्लकिप का उदाहरण देते हुये कहा कि उन्होंने किलियान थैरेपी के नाम से नयी थैरेपी विकसित की जिसमें व्यक्ति केआभामंडल से निकलने बाली किरणों का चित्र खींचा जाने लगा तथा उससे व्यक्ति को जो वीमारी छह माह बाद आयेगी उसकी जांच अग्रिम की जाने लगी। मुनि श्री ने कहा कि भाव तरंगों के माध्यम से आपकी भाव धारा को प्रकट करने का यह एक माध्यम है, उसी प्रकार भगवान के भामंडल की जो चर्चा आचार्य श्रीमानतुंग ने की उसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है भगवान का दिव्य प्रभाव ही ऐसा है कि उसके आगे सभी पदार्थ सूर्य और चंद्रमा भी निस्तेज हो जाते है तथा भगवान के उस भामंडल में व्यक्ति को अपने सात भव नजर आते है मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि जैसे जब कभी किसी व्यक्ती की चेतना के घनीभूत हो जाती है तो उसकी स्मृति जाग उठती है उसे उसके पूर्व भव की स्मृति हो उठती है ऐसी घटनाओं को पूर्व जन्म की घटनाओं के रुप में देखा जाता है। भगवान जब समवसरण में विराजमान होते है तो उनकी बाणी दिव्य ध्वनि के रुप में धन्यात्मक ओमकार रुप निकलती है जो बाहर आते ही 18 भाषाओं तथा 700 लघु भाषाओं में परिवर्तित होकर जो जिस भाषा का जानने वाला होता है उसे उसी भाषा में मिल जाती है।

जैसे शव्दों के माध्यम से यंहा से कह रहा हूं लेकिन आजकल तो ऐसी टेक्नोलॉजी है कि आप इसे जिस भाषा में सुनना चांहे उस भाषा में मात्र एक बटन के दवाने पर सुन सकते है। यह टेक्नोलॉजी जो आज है वह तो पहले से ही थी मात्र यह ज्ञान का विषय आज बना है ऐसा समझना चाहिये। उपरोक्त जानकारी धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी तथा मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने देते हुये बताया भक्तामर स्त्रोत्र की बाचना पूर्ण होंने जा रही है समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी, नवीन गोधा तथा महामंत्री हर्ष जैन ने इसे एक पुस्तक के रुप में प्रकाशित करने का निर्णय लिया है जो कि दीपावली के पश्चात श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की शुरुआत में सभी के हाथों में होगी।कार्यक्रम का संचालन दशम प्रतिमाधारी बाल ब्र.अशोक भैया लिधोरा ने किया। **-अविनाश जैन**

# मुनि श्री संधान सागर जी महाराज ने इन्दौर के मोहता भवन में केशलोंच किया



**इंदौर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक तपस्वी शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने आज इन्दौर के मोहता भवन मे केशलोंच किया। ध्यान रहे पूज्य मुनिवर दीक्षा के बाद से ही सम्पूर्ण केशलोंच गुरुवर विद्यासागर जी के साथ ही करते थे उन्होंने लास्ट केशलोंच पंचमी को किया था बस हर दो माह मे पंचमी को मुनि श्री टालते नही जब कि अभी महाराज जी का एक ही आहार हुआ था फिर भी वे अपने नियम पर दृढ रह उत्साह पूर्वक केशलोच किया। स्थानीय भक्तो ने इस दृश्य की अनुमोदना कर भजन गा कर पुण्य अर्जन करने में कोई कमी नही छोड़ी । आचार्य श्री द्वारा बताये मार्ग पर चलकर पूज्य मुनिवर हम सबको भी शिवपथ पर चलने मे सहयोगी बन रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी 24 अक्टूबर से




**आज 22 अक्टूबर को विशाल जुलूस के साथ महावीर नगर दिगम्बर जैन मंदिर में होगा भव्य मंगल प्रवेश**

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ का मंगलवार, 22 अक्टूबर को महावीर नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य जुलूस के साथ मंगल प्रवेश होगा। मंदिर अध्यक्ष अनिल जैन एवं मंत्री सुनील बज ने बताया कि मुनि संघ का मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगलवार को प्रात: 7:00 बजे मंगल विहार होकर महारानी फार्म स्थित पेट्रोल पंप पहुंचेगे जहां से विशाल जुलूस के साथ रवाना होकर महावीर नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। तत्पश्चात प्रात: 8:30 बजे जैन भवन में मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें। तीन दिवसीय राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी 24 से- आयोजन से जुड़े हुए विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में महावीर नगर के जैन भवन में 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे देश से सैकड़ों विद्वान शामिल होगें। भारतीय संस्कृति के संवर्द्धन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज का अवदान संगोष्ठी का विषय रहेगा। श्री जैन के मुताबिक मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 28 अक्टूबर को प्रात: 9:15 बजे महावीर नगर में मंदिर का भूमि पूजन होगा। मुनि संघ का 29 अक्टूबर तक महावीर नगर में ही प्रवास रहेगा।

### कमिश्नर डोमन सिंह ने बकावंड जनपद पंचायत कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने सोमवार को बस्तर जिले के बकावंड जनपद पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया औरदस्तावेजों एवं नस्तियों के व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय तथा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई पर जोर देते हुए प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान नियमित तौर पर चलाए जाने कहा तथा इसे हरेक माह निरन्तर करने सहित अधिकारियों-कर्मचारियों के आदत में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय के पुराने अनुपयोगी फर्नीचर तथा अन्य सामग्रियों का अपलेखन करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने अपने भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय बकावंड में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान न्यौता भोज आयोजन में रूचि नहीं लेने सहित लापरवाही बरतने के कारण बीईओ को शो-कॉज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए।

# आचार्य श्री वर्द्धमान सागर जी ने दी रत्नत्रय के प्रतिक तीसरी बार दी दीक्षा, ब्रह्म प्रेम बने मुनि विवर्जित सागर जी



**पारसोला ( विश्व परिवार )।** प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवती आचार्य श्री शांतिसागरजी की अक्षुण्ण मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परम्परा के पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी वर्ष 2024 का वर्षायोग पारसोला में कर रहे है। इस बेला में दिनांक 21 अक्टूबर को ब्रह्मचारी प्रेम जी 108 मुनि श्री विवर्जित सागर जी सागर जी बने। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने प्रवचन में बताया कि संसार दु:ख से भरा हुआ है संसार रूपी वन में बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिलता है पुण्यशाली जीव प्रेम कुमार जैसे होते हैं जो गुरुओं की वाणी, संत समागम से दीक्षा रूपी रास्ता खोज लेते हैं।आचार्य श्री धर्म सागर जी ने नैनवा की ओर बिहार किया था तब से ब्रह्मचारी प्रेम कुमार आचार्य परंपरा से जुड़ गए। मंगल दुख से, पापों का प्रक्षालन कर सुगति की ओर ले जाता है।दुख से छुटकारा संयम दीक्षा धारण करने से मिलता है दीक्षा से जीवन परिपूर्ण होता है शिष्य को दीक्षा शिक्षा और प्रायश्चित देने का अधिकार केवल आचार्य को होता है। दीक्षा से जीवन में आमूल चूल परिवर्तन होता है व्रत की महिमा को समझ कर प्रतिमा व्रत धारण करने से जीवन आगे बढ़ता है क्रमश: कदम बढ़ाते हुए महाव्रत को धारण किया जाता है गुरु संगति में रहकर सेवा कर धर्म के संस्कार प्राप्त होते हैं दीक्षा से अब रिश्तेदारी बदल गई है दीक्षार्थी अब आचार्य शांति सागर जी की परंपरा से जुड़ गए हैं गुरु से प्राप्त ज्ञान से वैराग्य प्राप्त होता है और संयम धारण कर संसार रूपी समुद्र को पार कर किया जाता है इसी में मानव जीवन की सार्थकता है संयम महाव्रत की रक्षा करना प्रत्येक साधु का परम कर्तव्य है। मनोरंजन मनभंजक मन को दुखी करने वाला होता है।

आज दीक्षार्थी गुरु और परिवार परंपरा अनुसार दीक्षा ले रहे हैं शिष्य को दीक्षा लेकर गुरु के प्रति कृतज्ञता को दिल में समर्पण भाव के साथ धारण करने से साधना में सफलता मिलती है। यह धर्म देशना आचार्य वर्धमान सागर जी ने दीक्षा के अवसर पर प्रकट की। ब्रह्मचारी गज्जू भैया, नमन भैया राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने उपदेश में बताया कि यह संसार प्रतिकूल है संयम से संसार को अनुकूल बनाया जाता है। इसके पूर्व दीक्षार्थी की शोभा यात्रा श्री वर्धमान सागर सभागार में पहुँची। दिगंबर जैन दशा हूमड़ समाज एवं वर्षायोग समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीक्षा समारोह श्यामा वाटिका सभागार में भगवान और पूर्वाचार्यों का चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन दीक्षार्थी परिवार द्वारा किया गया। जयंतीलाल कोठारी अध्यक्ष एवं ऋषभ पचोरी अध्यक्ष प्रवीण जैन चातुर्मास समिति ने बताया कि प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवती आचार्य श्री शांति सागर जी एवम पूर्वाचार्यो को अर्ध्य समर्पित विभिन्न नगरों से पधारी समाज द्वारा किया गया। सौभाग्यशाली परिवार की 5 महिलाओं द्वारा चोक पूरण की क्रिया की गई। दीक्षार्थी ने आचार्य श्री ने दीक्षा की याचना की तथा आचार्य श्री एवम समस्त साधुओ दीदी भैया श्रावक श्राविकाओं तथा समाज से क्षमा याचना की।वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्द्धमान सागर जी के पंचामृत से चरण प्रक्षालन का सौभाग्य दीक्षार्थी परिवार को मिला। इस बेला में आचार्य श्री के द्वारा दीक्षार्थी के पंच मुष्ठी केशलोच किये गए तथा दीक्षा संस्कार मस्तक तथा हाथों पर किये गए। इसके बाद आचार्य श्री ने नामकरण किया। प्रतिमा धारी 74 वर्षीय ब्रह्मचारी प्रेम का दीक्षा उपरांत नूतन नाम 108 मुनि श्री विवर्जित सागर सागर किया गया। **-राजेश पंचोलिया**

# सालासर जनकल्याण समिति ने 27 दिव्यांग बच्चों को दिलाये नए कपड़े, दी मिठाई



**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** नगर एवम अंचल की सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याणकारी संस्था श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति जो हर क्षेत्र में वर्ष भर कुछ ना कुछ जनकल्याणकारी व सामाजिक कार्यों व दीनहीन लोगों की सेवा में लगी रहती है, कभी स्कूली बच्चों की स्कूल फीस, कभी बोर्ड की फीस, कभी होनहार छात्रों को नगद राशि, तो कभी स्कूल के शिक्षकों का सम्मान, तो कभी डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों का सम्मान, तो कभी पत्रकार बन्धुओं का सम्मान, तो नगर के किसी गरीब परिवार में मृत्यु होने पर दशगात्र की राशन सामग्री, हर वर्ष बहुत ही निर्धन परिवार के बेटियों का सामूहिक विवाह, धार्मिक आयोजन आदि कार्यो की वजह से नगर एवम अंचल में श्री सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति को सम्मान एवम आदर की दृष्टि से देखा जाता है। इसी कड़ी में आज संकल्प सेवा संस्थान आनन्दधाम आश्रम नवागांव बुडेनी के 27 दिव्यांग बच्चे जिसमे मूक बधिर, नेत्रहीन, पराश्रित व चलने में असमर्थ आदि बच्चों को नए कपड़े, मिठाई, चिप्स चॉकलेट दिलाया गया।इस अवसर पर सालासर सुन्दरकाण्ड समिति के संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, उपाध्यक्ष सुमित पंजवानी, नंन्दकिशोर राठी, रूपेंद्र चन्द्राकर, ओमप्रकाश शर्मा, गुलाब साहू, गोविंद राजपाल, नारायण तलरेजा, दीपेश प्रवेश राजपाल, हनुमान चालीसा समिति की अध्यछ श्रीमती तारणी शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती आरती काबरा, पिंकीं साहू, ईशा देवांगन, नेहा तारक उपस्थित थी, हनुमान चालीसा समिति के सदस्य इन बच्चों को नए कपड़े पहना रहे थे।

संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी इन बच्चों को नए कपड़े दिलाकर मानवता का फर्ज अदा कर रहे हैं, ईश्वर के इन संतानों को जो शारीरिक रूप से अक्षम है, इन बच्चों के चेहरे में जो मुस्कराहट दिख रही थी तो यैसा लग रहा था इससे बड़ा पुण्य का कोई काम कोई दूसरा नही हो सकता। ये बच्चे जो देख पा रहे थे अपने पसंद से कपड़े छांट रहे थे।

# आचार्य श्री विशुद्धसागर पुरस्कार से सम्मानित हुए युवा मनीषी डॉ. सुनील संचय

**प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उत्कर्ष समूह द्वारा 'प्रभावना पुरुषोत्तम' की उपाधि से अलंकरण**



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** जीवन मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने हेतु संकल्पित उत्कर्ष समूह भारत द्वारा प्रतिवर्ष समाजसेवा, श्रुत संवर्द्धन, देव-शास्त्र-गुरु के प्रति समर्पण, साहित्यिक अवदान, प्रभावना आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसी एक विशिष्ट व्यक्तित्व को संयम पुरुषोत्तम श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागर पुरस्कार प्रभावना पुरुषोत्तम उपाधि के साथ प्रदान किया जाता है।

वर्ष 2024 का यह पुरस्कार व उपाधि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में श्रमण मुनिश्री 108 सुप्रभसागर महाराज, श्रमण मुनिश्री 108 प्रणतसागर महाराज के सान्निध्य में नगर के युवा मनीषी, अनेक कृतियों के संपादक, निरंतर लेखनकार्य में संलग्न, अनेक सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन होकर समाजसेवा में संलग्न डॉ. सुनील जैन संचय ललितपुर को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए समारोह पूर्वक 20 अक्टूबर रविवार को प्रदान किया गया। साथ ही प्रभावना पुरुषोत्तम उपाधि से भी अलंकृत किया गया।

उत्कर्ष समूह द्वारा डॉ. सुनील संचय को तिलक, माला, श्रीफल, साहित्य, पुरस्कार प्रशस्ति पत्र, उपाधि प्रशस्ति पत्र, माला, शाल, पगड़ी, पुरस्कार राशि, अंग वस्त्र आदि के साथ भव्य रूप से सम्मानित किया गया। संचालन राजेन्द्र जैन महावीर सनावद ने किया। सम्मान समारोह के पूर्व विदुषी जैन लखनऊ ने मंगलगीत प्रस्तुत किया।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उत्कर्ष समूह के अध्यक्ष रविन्द्र जैन गहाणकर अमरावती, महाराष्ट्र, संयोजक अरविंद बुखारिया उज्जैन, संजीव जैन लखनऊ, उपाध्यक्ष जागेश जैन लखनऊ आदि उत्कर्ष समूह के पदाधिकारियों के साथ ही इस मौके पर देश के मूर्धन्य मनीषियों डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत (अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद), डॉ. जयकुमार जैन मुजफ्फरनगर (अधिष्ठाता श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर, जयपुर), प्रोफेसर श्रीयांस सिंघई जयपुर (राष्ट्रीय संस्कृत विश्विद्यालय जयपुर सेवानिवृत्त प्रोफेसर), ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत टीकमगढ़ महामंत्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद), प्रोफेसर अशोक कुमार जैन वाराणसी (अध्यक्ष-अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद), प्रोफेसर अभय कुमार जी जैन लखनऊ(उपाध्यक्ष शोध संस्थान लखनऊ), पं. विनोद जैन रजवांस (उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद), ब्र. डॉ. अनिल जैन (प्राचार्य आचार्य संस्कृत महाविद्यालय सांगानेर) जयपुर, डॉ. विमल जैन जयपुर, प्रोफेसर अनेकांत जैन दिल्ली (प्रोफेसर लाल बहादुर संस्कृत विश्विद्यालय दिल्ली), पंडित पवन जैन दीवान सागर (उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद), डॉ0पंकज जैन इंदौर, राजेन्द्र जैन महावीर सनावद ( सह संपादक जैन गजट), डॉ. आनंद जैन वाराणसी (सह आचार्य काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी), डॉ. सोनल कुमार जैन (संयुक्तमंत्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद) दिल्ली, डॉ. बाहुबली जैन इंदौर, पं. प्रद्युम्न शास्त्री जयपुर, डॉ. राजेश शास्त्री ललितपुर, मनीष विद्यार्थी, पंडित प्रिंस शास्त्री लखनऊ आदि ने अपने कर कमलों से प्रदान किया। इस दौरान उत्कर्ष समूह भारत के अध्यक्ष रवींद्र गहाणकर अमरावती ने बताया कि उत्कर्ष समूह भारत, श्रमण मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज की प्रेरणा से स्थापित ऐसा समूह है जो जीवन मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने हेतु संकल्पित है।

इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश-उत्तरांचल भारतवर्षीय तीर्थक्षेत्र कमेटी, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद, प्रभावना जनकल्याण परिषद, दिगम्बर जैन पंचायत, प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़, करुणा इंटरनेशनल की ओर से अध्यक्ष अक्षय अलया, संयोजक पुष्पेंद्र जैन शिक्षक, अतिशय क्षेत्र गिरार, अतिशय क्षेत्र बानपुर, अतिशय क्षेत्र कारीटोरन, दिगम्बर जैन महासभा, वर्णी विकास संस्थान समिति, जैन शिक्षक सामाजिक समूह, श्री महावीर दिगम्बर जैन संस्कृत विद्यालय एवं श्री गणेश वर्णी जैन छात्रावास साढ़ूमल, चिंतन समूह, जैन मिलन, स्याद्वाद वर्द्धमान सेवा संघ आदि संस्थाओं ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है।

इस मौके पर मुनि श्री 108 सुप्रभसागर महाराज ने कहा कि पुरस्कार, सम्मान मिलने से सम्मानित व्यक्तित्व को और अधिक ऊर्जा प्राप्त होती है। पुरस्कृत व्यक्तित्व को मेरा मङ्गल आशीर्वाद है कि वे इसी प्रकार से प्रभावना करते रहें। **-पुष्पेंद्र जैन**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन बनाएगा नक्सलियों के गढ़ पुवर्ती तक सड़क

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाते हुए बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने नक्सलियों के गढ़ और बटालियन नंबर-1 के ठिकाने पुवर्ती तक सड़क निर्माण की योजना बनाई है। यदि इस इलाके में फोर्स के जवानों की आवाजाही बढ़ी तो यह नक्सलवाद के खात्मे में निर्णायक साबित हो सकता है। पुवर्ती, जो अब तक नक्सलियों का मुख्य ठिकाना रहा है, वहां तक सड़क निर्माण करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। बीआरओ का यह कदम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को गति देने और सुरक्षा बलों की पहुंच बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दो दशकों के बाद बीआरओ बस्तर में वापसी कर रहा है, जिससे इन इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होने की उम्मीद बढ़ी है। हाल ही में दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण पर विशेष चर्चा हुई। सिलगेर-पुवर्ती-कोंडापल्ली और तर्रेम-कोंडापल्ली मार्गों पर सड़क निर्माण की योजना बनाई गई है। इसके तहत पुवर्ती तक सड़क निर्माण बीआरओ द्वारा किया जाएगा, जिससे सुरक्षा बलों की पहुंच इन कठिन क्षेत्रों में संभव हो सकेगी। लोक निर्माण विभाग जगदलपुर ज़ोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि बस्तर का यह क्षेत्र नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। हाल ही में हुई दिल्ली बैठक में यह तय किया गया है कि सिलगेर से पुवर्ती तक की सड़क का निर्माण बीआरओ द्वारा तेजी से किया जाएगा। इस क्षेत्र में सड़कों का निर्माण न केवल सुरक्षा के लिहाज से बल्कि स्थानीय विकास के लिए भी अहम साबित होगा। इस परियोजना के पूरा होने पर बस्तर में नक्सल प्रभावित इलाकों में फोर्स की पहुंच आसान हो जाएगी, जिससे नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को बल मिलेगा और बस्तर में विकास के नए अवसर खुलेंगे।

### ग्राम धारावरम में हर घर जल मिलने से ग्रामीण उत्साहित

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** जिले के ग्राम धारावरम, ग्राम पंचायत नुकनपाल विकासखण्ड उसूर जिला मुख्यालय से लगभग 30 कि.मी. दूरी पर स्थित है। ग्राम में 52 परिवार निवासरत है। इस ग्राम में 15 हैण्डपंप की स्थापित है, यहीं से ही ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल प्रदाय होता रहा है। ग्राम धारावरम में ग्राम सभा के दौरान जल जीवन मिशन योजना आने के बाद ग्रामवासियों अत्याधिक उत्साहित है। सरपंच मुन्ना कुडसम द्वारा बताया गया कि अब हर घर नल लग जाने के बाद घरों में ही स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके समय की बचत हुई है, बचत समय का उपयोग अब असानी से अन्य कार्यो में दे पा रहे है। सचिव रविन्द्र कुमार झाड़ी द्वारा चर्चा किये जाने पर बताया गया की समय-समय पर वॉल ऑपरेटर के माध्यम से वॉल ऑपरेटिंग कर पानी सप्लाय करने का कार्य किया जा रहा हैं। जिससे सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में जल प्रदाय हो रहा है। सरपंच, सचिव एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक टोपेश्वर साहू की उपस्थिति में हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य किया गया था। ग्रामवासी कुडियम राजेश बताते है कि, ग्राम धारावरम के सभी घरों में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल निरंतर प्राप्त हो रहा है, जिससे ग्रामवासी अत्यधिक प्रसन्न है। घरों में शुद्ध पेयजल प्रदाय होने पर ग्राम वासियों के जल की समस्या का निराकरण हुआ है। जिसके लिये सरपंच, सचिव एवं ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### जिला प्रशासन की अभिनव पहल नवजात शिशु का बना जाति प्रमाण पत्र

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में लगातार समीक्षा करते हुए नवजात शिशु को जन्म के बाद एक निर्धारित तिथि तक 5 आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के लिए राजस्व, स्वास्थ्य खाद्य एवं संबंधित विभाग को निर्देश दिया था। जिसके परिपालन में सर्वप्रथम बच्चों का नाम सहित जन्म प्रमाण पत्र बनाने राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं पिता के जाति प्रमाण पत्र के आधार पर 40 दिवस के भीतर बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्पष्ट कार्य योजना के तहत कार्य करने के निर्देश के परिपालन में एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल द्वारा तत्परतापूर्वक कार्य करते हुए पटवारी हल्का क्रमांक 11, ग्राम तुमनार के दंपति ललित तेलम के पुत्र जिनका जन्म 19 सितंबर 2024 को हुआ उसका जाति प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि में बनकर तैयार हो गया। उक्त बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र कलेक्टर संबित मिश्रा ने अपने कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया जिला प्रशासन के इस पहल से बच्चों के माता-पिता बहुत ही प्रसन्न नजर आए और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल भी मौके पर उपस्थित थे।

# जिपं सीईओ ने किया पीएम आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पेण्ड्री, अन्यानवागांव, खैरा, खुड़मुड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। सीईओ ने योजनांतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर संपूर्ण किस्त की राशि अतिशीघ्र प्राप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम में जिन हितग्राही द्वारा आवास निर्माण कार्य सबसे पहले पूर्ण किया जाएगा, उनको सम्मानित किया जाएगा। जिन पर हितग्राहियों ने आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही। उन्होंने योजना से संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों से समन्वय कर लगातार आवास निर्माण की देखरेख एवं निगरानी करने तथा हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद पंचायत स्तर के नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तर में आवास पूर्णता में विशेष योगदान देने वाले सरपंच, सचिव रोजगार सहायक, महिला स्वसहायता समूह को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ दिव्या ठाकुर, आवास प्रभारी जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, क्षेत्र के आवास नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पर्यावरण विभाग की बड़ी कार्रवाई, आधा दर्जन से अधिक बड़े उद्योगों पर लगाया 47 लाख का जुर्माना

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने वाले आधा दर्जन से अधिक प्रमुख उद्योगों पर पर्यावरण विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है. इन उद्योगों पर लगभग 47 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है, साथ ही भविष्य में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है. जिन बड़े उद्योगों पर जुर्माना लगाया गया है उनमें जेएसडब्ल्यू नहरपाली, जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट पतरा पाली, एसकेएस पावर प्लांट बिजकोट, मां काली उद्योग ग्राम पाली, वीएस स्पंज उद्योग, अंजनी स्टील और एमएसपी उद्योग शामिल हैं. जांच के दौरान पाया गया कि इन उद्योगों द्वारा पर्यावरण नियमों की अनदेखी की जा रही थी, विशेषकर कोयला परिवहन में पर्यावरण नियमों का उल्लंघन हुआ. जिला पर्यावरण अधिकारी अंकित साहू ने बताया कि जांच के दौरान उद्योगों द्वारा नियमों की अनदेखी करने पर यह जुर्माना लगाया गया है. समय-समय पर कोयला परिवहन में भी पर्यावरण नियमों का उल्लंघन पाया गया था और इसके बाद सभी के ऊपर करीब 47 लाख रुपये से अधिक का अर्थ दंड लगाया गया है.

# सड़क किनारे बुरी तरह जली अवस्था में मिली कार, हताहत कौन खबर नहीं

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय गरियाबंद में रविवार सुबह सड़क हादसे की एक भयावह तस्वीर सामने आई है।मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर देवभोग मार्ग में लाईलीवुड कॉलेज के पास सड़क के किनारे 15 फीट गड्ढे में एक सैंटरोस कार बुरी तरह जली अवस्था में मिली है। कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी है,सिर्फ लोहा ही शेष बचा है।देखने से अनुमान लगाया जा रहा है कि कार पहले अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से नीचे गिरी होगी और फिर उसमे आग लग गई होगी।दूसरा अंदेशा लगाया जा रहा की घटना के पीछे कोई और वजह भी हो सकता है,जिसे वाहन चालक या मालिक छिपाने की कोशिश कर रहा है।घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र गरियाबंद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 7 बजे उन्हें राहगीरों से सूचना मिली कि गरियाबंद से देवभोग मार्ग में लाडलीवुड कॉलेज के पास टोनहीनाला पुल के पास नीचे गड्ढे में एक कार जली हुई अवस्था में देखा गया और घटना की सूचना पुलिस को दिया गया।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि कार पूरी तरह जल कर खाक हो चुकी थी।धुआं भी नहीं निकल रहा था जिससे ये अंदेशा लगाया जा रहा है की आग लगे कई घंटे बीत चुके है।मध्यरात्रि आग लगी होगी जिससे किसी को पता नहीं चला।कार की तस्वीर देखने से अनुमान लगाया जा सकता की हादसा काफी भयावह होगा। इधर,प्रारंभिक जांच में जुटी पुलिस ने बताया कि मौके पर कोई व्यक्ति हताहत नहीं मिला है।पुलिस थाने और हॉस्पिटल में भी घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है।घटना कैसे हुई,कार किसकी है,कहां से कहां जा रही थी,कौन चला रहा था,कार में कितने लोग थे और घटना के बाद कार सवार लोग कहा गए ये सब की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।कार के पास नंबर प्लेट क्रमांक छ्त्र 13,छ्र 9991 मिला है,जिसे आरटीओ को भेजा गया है।वही मौके पर एक अज्ञात व्यक्ति मिला उन्होंने स्वयं बताया की वही चालक है जो बीते शनिवार के रात को देवभोग से रायपुर की ओर जा रहा था उसी दौरान उसके चेहरे के पास मच्छर आ गया जिसे भगाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा पलटी लेकिन उस दौरान वाहन में आग नही लगी थी,साथ ही वाहन में बैठे व्यक्तियों को चोट नहीं लगी और वे वाहन को निकलवाने की सुविधा के लिए शहर आ गए जो नौ बजे पुन:वाहन के पास पहुंचे तो वाहन जल रहा था।

## शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य से ही समाज व देश की सेवा की जा सकती है : तेजस्वी

**धमतरी(विश्व परिवार)।** तेजस्वी, मुकेश दे रहे युवाओं को धमतरी - राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भोथली विद्यालय के पूर्व छात्र मुकेश कुमार साहू व तेजस्वी साहू जो वर्तमान में सीआरपीएफबालाघाट व बी एस एफमें पश्चिम बंगाल में देशसेवा में कार्यरत हैं ।उन्होंने बच्चों को उद्बोधन देते हुए बताया कि किस प्रकार दौड़ना व शारीरिक क्रियाकलाप व परीक्षा देकर इस मुकाम को हासिल किया। अनुशासन ,मेहनत लगन से कठिन परिश्रम कर देश सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं। दोनों मेधावी छात्र रहे व गणित एवं विज्ञान विषय लेकर कठिन परीक्षा में अपनी योग्यता साबित किया। स्काउट गाइड व राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयंसेवक के रूप में अपनी सेवा दिए। आज भोथली ग्राम के युवा उनके मार्गदर्शन में सेना ,पुलिस विभाग में जाने हेतु परिश्रम कर रहे हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने बताया कि मानसिक अयोग्यता को माता-पिता व शिक्षक जानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें। विद्यार्थी गुटका शराब नशीली पदार्थ से दूर रहे हमेशा पौष्टिक आहार का सेवन करें योग व्यायाम व पुराने गीतों के माध्यम से गुस्सा, चिडचिडाहट डर भय आश्चर्य को छात्र दूर कर सकते हैं। विद्यालय द्वारा मुकेश व तेजस्वी को फल, पेन, गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित किया ।कार्यक्रम का संचालन गणेश प्रसाद साहू व आभार एल एन साहू व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य एस रामटेके, राकेश कुमार साहू, रामशरण मिश्रा, एल,एन शांडिल्य, गोविंद सिन्हा ,गोपेश साहू, उमाकांत साहू ,राहुल सोनकर, मयंक दास ,लाकेश रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, दीप्ति शुक्ला ,दुर्गा साहू ,लखन्तीन आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से कावेराम हो रहा आर्थिक रूप से सशक्त

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** जिले के ग्राम भुरवाल निवासी कावेराम, पिता हिरूराम, जो खेती किसानी करके अपने एवं परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर रहे थे। जब उनको उद्यानिकी विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिली तब वे विभागीय योजनाओं के विस्तार से जानकारी ली और उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत और विभागीय योजनाओं से मिले लाभ का नतीजा सामने आने लगा है। कावेराम ने 2.00 हेक्टेयर रकबा में उन्नत तकनीक से करेला और टमाटर खेती शुरू किया, जिससे उनकी पहले की आय की अपेक्षा अधिक आय में वृद्धि हुई। किसान कावेराम हमेशा धान की फसल लगाता था, समय के साथ साथ उत्पादन में कमी आने लगी और लागत मे वृध्दि होने से आमदनी में कमी होती थी। उद्यानिकी विभाग द्वारा कावेराम को उद्यानिकी फसल करेला एवं टमाटर खेती करने का सुझाव दिया गया और अब वह 35 से 40 क्विंटल करेला एवं टमाटर का उत्पादन कर रहा है, जिससे कावेराम की आमदनी में बढोत्तरी होने लगी है। कावेराम को इस खेती से 01 लाख 14 हजार से अधीक रूपए की आमदनी प्राप्त हुआ है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी के लिए किसान पंजीयन संबंधी बैठक सम्पन्न

**नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन के संबंध में खाद्य,कृषि,मंडी सचिव, सहकारिता,जिला विपणन,नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा।पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं।धान खरीदी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर खाद्य विभाग का टोल फ्री नम्बर 1800-233-3663 पर संपर्क किया जा सकता है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की समीक्षा के पूर्व कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों की सुविधा के लिए शेष बचे राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी कराने के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक कराने के निर्देश दिये हैं।इसके लिए सभी उचित मूल्य के दुकानों में फ्लैक्स के माध्यम से नागरिकों को सूचना देने एवं मुनादी कराने के निर्देश दिये।उन्होंने कैरी फारवर्ड हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में छुटे हुए कृषकों के पंजीयन करने के लिए एसडीएम एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को तीन दिवस के भीतर वन अधिकार पट्टा एवं राजस्व मामले के पट्टे का निराकरण करने के निर्देश दिये।अनुविभागीय अधिकारियों को फसल बीमा प्रयोग एवं प्रत्येक ग्राम के औसत उत्पादकता के आधार पर जिले के औसत धान उत्पादन की जानकारी तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा।साथ ही ग्रामवार पड़त भूमि का सत्यापन कराने, धान के अतिरिक्त लगाये गये अन्य फसल की जानकारी का प्रमाण पत्र पटवारियों से 25 अक्टूबर तक लेने को कहा।जिले में गिरदावरी रिपोर्ट का अंतिम प्रकाशन 20 अक्टूबर 2024 तक होना है। इसके आधार पर आगामी धान खरीदी की तैयारियां करने के निर्देश दिये।

# जिले के सभी ग्रामों में बनाया गया स्वच्छता त्यौहार

**जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह की महिलाएं तथा ग्रामीणों ने की गांव की साफसफाई**

**दुकान, ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से दुकान के आसपास साफसफाई रखने एवं स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह किया गया**



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले में स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने के लिए तथा स्वच्छता के प्रति निरंतरता बनाए रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन, घर -घर कचरा एकत्रित करने, एसएलडब्ल्यूएम में कचरा का पृथककरण करने का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत खुज्जी में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह के महिलाएं, स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और ग्राम के बाजार चौक सहित अन्य प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों की साफ-सफाई की। ग्राम पंचायत द्वारा दुकानदारों से कचरा के व्यवस्थित निपटान हेतु अनुबंध पत्र दिया गया तथा कचरा स्वच्छता दीदी को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री सुयश नाहटा, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया श्री नवीन कुमार, एसीईओ श्री होरीलाल साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार, ब्लॉक समन्वयक सुश्री मेघा कुर्रे, ब्लॉक समन्वयक श्री विजय देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी समूह के महिलाएं एवं ग्रामीणजनों ने साफ-सफाई की। इसी तरह जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारपुर, कुमरदा, बडग़ांव, उमरवाही, मासूलकसा, घोरतालाब, बादराटोला एवं अन्य ग्रामों में स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। जिसमे स्वच्छाग्राही द्वारा ग्राम की साफ-सफाई की गई। दुकान, ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से संपर्क कर अपने दुकान के आसपास की नियमित साफ-सफाई रखने एवं स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह किया गया। सीईओ जनपद पंचायत छुरिया ने ग्राम पंचायत रंगीटोला में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर स्वच्छाग्राही दीदीयों व ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम की साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई।

## व्यापार समाचार

## शिक्षा मंत्रालय ने युवा संगम के पांचवे चरण हेतु पंजीकरण की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर 2024 तक बढ़ाई

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** शिक्षा मंत्रालय ने युवा संगम के पांचवे चरण हेतु पंजीकरण कराने की समय सीमा 25 अक्टूबर 2024 तक बढ़ा दी है ताकि इन विशिष्ट अनुभव में शामिल होने के इच्छुक सभी आवेदकों को मौका दिया जा सके। अंतिम दिनांक आगे बढ़ाने से विद्यार्थियों एवं पेशेवरों समेत और अधिक युवाओं को अपने राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधि बनने का यह दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। पहले जो समय सीमा निर्धारित की गई थी उसके करीब आने से पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले विज़िटरों की तादाद में भारी वृद्धि हुई। यह एक सफल सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम है जिसे एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत शुरु किया गया है। यह भारत के विविधता पूर्ण क्षेत्रों के 18 से 30 वर्षीय युवाओं के मध्य सम्पर्क एवं सहयोग को सुगम बनाता है। यह कार्यक्रम अब अपने पांचवे चरण में है और इसके तहत अब तक हुई 114 यात्राओं के माध्यम से 4,795 युवा एक-दूसरे की संस्कृतियों के बारे में सीख चुके हैं। युवा पेशेवरों (नौकरीपेशा/स्वरोजगार वाले) और विद्यार्थियों (एनएसएस/एनवायकेएस वॉलंटियर समेत) तथा ऑफ-कैम्पस युवाओं (ऑनलाइन कोर्स, कौशल संस्थानों आदि में दाखिला लिए हुए) को इस जीवन परिवर्तनकारी अनुभव हेतु आवेदन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जिसके द्वारा वे व्यापक क्षेत्रों पर्यटन, परम्परा, प्रगति, परस्पर सम्पर्क व प्रौद्योगिकी के अंतर्गत इस बहुआयामी ज्ञान को अनुभव करेंगे। इस कार्यक्रम को कई अन्य मंत्रालयों तथा विभागों का सहयोग प्राप्त है। इसके जरिए सहभागी युवाजन अपने युग्म प्रदेश (paired state) के स्थानीय इतिहास, संस्कृति, परम्पराओं का अनुभव करेंगे और साथ ही उनमें अपने देश की विविधता की गहरी समझ भी हासिल होगी। इससे पहले अखिल भारत के सांस्कृतिक आदान- प्रदान कार्यक्रम के सभी चरण बहुत कामयाब रहे हैं। युवा संगम के पांचवे चरण को मिली प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही है। पहले पंजीकरण की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर 2024 थी जो अब बढ़ा कर 25 अक्टूबर 2024 कर दी गई है। अंतिम तारीख को इसलिए बढ़ाया गया है क्योंकि बीते कुछ दिनों में प्रतिक्रिया में बहुत वृद्धि हुई है और हम आवेदनकर्ताओं के लिए पंजीकरण सुगम बनाना चाहते हैं।


## गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में सैमसंग के 400 छात्र भविष्य की तकनीकी स्किल्स में बने माहिर

**रायपुर।** सैमसंग इंडिया के प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम, सैमसंग इनोवेशन कैंपस ने गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के 400 छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पाठ्यक्रम का सफल समापन किया। यह कार्यक्रम युवाओं के कौशल विकास में योगदान देकर #DigitalIndia अभियान को मजबूत बनाने के सैमसंग के संकल्प को दोहराता है। समापन समारोह में गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आर.के. सिन्हा, सैमसंग के अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस एक-वर्षीय प्रोग्राम के टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और दिल्ली/एनसीआर में सैमसंग के केंद्रों को देखने का अवसर मिलेगा, जहां वे सैमसंग की लीडरशिप टीम से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर पर टॉप करने वाले छात्रों को सैमसंग के आकर्षक प्रोडक्ट्स भी पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा, एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग जैसे फ्यूचर-टेक स्किल ?स में युवाओं को शिक्षा देना सैमसंग की एक बड़ी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के विकास में योगदान देना और डिजिटल इंडिया पहल को आगे बढ़ाना है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के दूसरे सत्र के तहत, सैमसंग के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम ने इस दिशा में एक कदम और बढ़ाया है, जिससे देशभर के युवाओं को महत्वपूर्ण ज्ञान और प्रशिक्षण देकर उनकी नौकरी करने की क्षमता बढ़ाई जा सके। सैमसंग इनोवेशन कैंपस चार प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों - एआई, आईओटी, बिग डेटा, और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में व्यापक प्रशिक्षण देता है। इस कार्यक्रम के जरिए छात्र अपनी नौकरी की योग्यता को बेहतर करने के लिए कैपस्टोन प्रोजेक्ट्स और सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव हासिल कर सकते हैं। एआई पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को 270 घंटे की थ्योरी और 80 घंटे के प्रोजेक्ट वर्क से गुजरना होता है, जबकि आईओटी और बिग डेटा के छात्रों को 160 घंटे की थ्योरी और 80 घंटे का प्रोजेक्ट वर्क करना होता है। कोडिंग और प्रोग्रामिंग में भाग लेने वाले छात्रों को 80 घंटे की ट्रेनिंग के बाद हैकथॉन में भाग लेना होता है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत सैमसंग देश भर के 3,500 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेगा। इस कार्यक्रम में चार राज्यों के आठ शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं। उत्तर क्षेत्र में, दिल्ली एनसीआर के दो केंद्रों के अलावा लखनऊ और गोरखपुर में भी ट्रेनिंग सेंटर बनाए गए हैं। दक्षिण में, बेंगलुरु के दो केंद्रों के साथ तमिलनाडु और कर्नाटक में भी ट्रेनिंग सेंटर हैं, जोकि चेन्नकई और श्रीपेरूम्बुंदूर में स्थित हैं।

## एसएमपीपी लिमिटेड ने 4000 करोड़ रुपये तक के आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी)

**रायपुर।** एसएमपीपी लिमिटेड, जो गोला-बारूद के पुर्जे, व्यक्तिगत सुरक्षा उत्पाद और भूमि, वायु और समुद्री प्लेटफॉर्म के लिए सुरक्षा किट सहित रक्षा उपकरणों से संबन्धित एक भारतीय डिजाइनर और निर्माता कंपनी है, ने बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफइंडिया (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 40000 मिलियन (4000 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक अंकित मूल्य 2) के जरिये धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर में 5800 मिलियन (580 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम (फ्रेश इश्यू) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 34200 मिलियन (3420 करोड़) तक का ऑफर फॉर सेल (बिक्री का प्रस्ताव) शामिल है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

(लिस्टिंग विवरण) एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं (बीआरएलएम)।



# सचिन ने आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर कुक, डेविड, एबी डिविलियर्स को दी बधाई

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एलेस्टेयर कुक, नीतू डेविड और एबी डिविलियर्स को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। यह तीनों हॉल ऑफ फेम के 113वें, 114वें और 115वें सदस्य हैं। भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीनों खिलाड़ियों के योगदान की सराहना की है। नीतू डेविड भारत की पूर्व बाएं हाथ की बल्लेबाज हैं, जिन्होंने भारत के लिए 10 टेस्ट खेलने के अलावा 97 वनडे मैच भी खेले हैं। वह डायना एडुल्जी के बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला हैं। एलेस्टेयर कुक इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और बाएं हाथ के ओपनिंग बल्लेबाज हैं। कुक ने 161 टेस्ट मैचों में 12,472 रन बनाए हैं। उन्होंने 33 शतक भी लगाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 92 वनडे मैच भी खेले हैं। एबी डिविलियर्स दुनिया के महानतम बल्लेबाजों में एक हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज ने 360 डिग्री पर शॉट लगाकर अपने खेल से क्रिकेट में बल्लेबाजी के नए आयाम जोड़े थे। उन्होंने टेस्ट और वनडे में 50 से ज्यादा के औसत के साथ संन्यास लिया था। इन तीनों खिलाड़ियों के बारे में एक्स पर पोस्ट करते हुए मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने लिखा, तीन अद्भुत क्रिकेटरों को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इन तीनों ने क्रिकेट के खेल में बहुत बड़ा योगदान दिया है। एलेस्टेयर कुक ने टेस्ट ओपनर के रूप में धैर्य और दृढ़ता को नया आयाम दिया। नीतु डेविड भारतीय महिला क्रिकेट की सच्ची लीजेंड हैं। एबी डिविलियर्स ने अपनी 360-डिग्री शैली से आधुनिक बल्लेबाजी में क्रांति ला दी। इन सभी को बहुत-बहुत बधाई! सचिन के अलावा भारत की पूर्व क्रिकेट कप्तान मिताली राज ने भी एक्स पर पोस्ट कर इन तीनों क्रिकेटरों को बधाई देते हुए लिखा था, नीतू डेविड को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर बहुत बधाई। उनके योगदान को पहचान मिलते देख गर्व हुआ है। एलेस्टेयर कुक और एबी डिविलियर्स को भी बहुत बधाई। गौरतलब है कि आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम क्रिकेट के महान खिलाड़ियों के योगदान को मान्यता देता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से हेड ने खुद को किया बाहर



**एडिलेड( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले परिवार के साथ समय बिताने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में नहीं खेलेंगे। पिछले साल के वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने के बाद से ट्रेविस हेड का शेड्यूल काफी व्यस्त रहा है, उन्होंने कई टूर्नामेंट लगातार खेले हैं और लगभग हर दौरे पर टीम के साथ रहे। लेकिन अब वह अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं, इसलिए वह एक छोटे ब्रेक पर जाएंगे। हेड दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, इसलिए वह कुछ समय अपनी पत्नी और परिवार के साथ बिताना चाहते हैं। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने हेड के हवाले से कहा, भविष्य में मैं शायद अपने परिवार को ध्यान में रखकर निर्णय लूंगा और जो चीज मुझे खेलने के लिए प्रेरित करती है, वह शायद मेरा परिवार और मेरे साथी हैं। मुझे व्यक्तिगत चीजों या अपने करियर के बारे में सोचने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं अपने परिवार को खुश रखना चाहता हूं, मैं अपने साथियों के साथ खेलना चाहता हूं और मैं जो कर रहा हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने पिछले कुछ वर्षों में यह बहुत अच्छा किया है। मुझे अभी भी क्रिकेट खेलना पसंद है, मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलना पसंद है। लेकिन... मुझे लगता है कि परिवार भी महत्वपूर्ण है। 30 वर्षीय हेड ने यह भी स्वीकार किया कि उनकी अनुपस्थिति में घर पर उनकी पत्नी को अपनी दो वर्षीय बेटी की देखभाल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हेड ने कहा, मैंने इस साल बहुत समय बाहर बिताया है और घर पर पत्नी के लिए बहुत अधिक जिम्मेदारी है।

## रोहित शर्मा ने बताया बेंगलुरु टेस्ट में टीम इंडिया को क्यों मिली हार



**बेंगलुरु( एजेंसी )।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच 8 विकेट से हारने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट होना टीम के लिए सबसे बड़ी परेशानी का सबब रहा। उन्होंने कहा कि उनकी टीम अगले दो मैच जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। भारतीय टीम ने कीवियों को जीत के लिए 107 रन का टारगेट दिया था, जिसे मेहमान टीम ने रविवार को 2 विकेट खोकर हासिल किया। इस हार के बाद टीम इंडिया 3 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। बेंगलुरु टेस्ट में बारिश के कारण पहला दिन धुल जाने के बाद, दूसरे दिन भारत मात्र 46 रन पर आउट हो गया। यह टीम इंडिया का तीसरा सबसे कम टेस्ट स्कोर था और घरेलू मैदान पर टेस्ट मैच में उनका अब तक का सबसे छोटा स्कोर था। रोहित ने मैच के बाद कहा, मैंने दूसरे दिन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, हम जानते थे कि यह चुनौतीपूर्ण होगा। हमें नहीं लगा था कि हम 46 रन पर ऑल आउट हो जाएंगे, लेकिन न्यूजीलैंड को श्रेय देना चाहिए। इससे हम मुकाबले में पीछे रह गए। अच्छी चीजों को आगे ले जाना होगा। हम पहले भी इन चुनौतियों का सामना कर चुके हैं, ऐसी चीजें होती रहती हैं। दो टेस्ट बाकी हैं, हम जानते हैं कि इसके लिए क्या करना होगा और अगले दो टेस्ट में हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। हालांकि, भारत ने दूसरी पारी में सरफराज खान (150) और ऋषभ पंत (99) के बीच चौथे विकेट के लिए 177 रनों की साझेदारी की बदौलत 426 रन बनाए थे। रोहित ने इन युवा बल्लेबाजों की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें दोनों युवा बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर गर्व है।

## होंडा ने कर दिया कमाल, लॉन्च की फ्लैक्स-फ्यूल से चलने वाली पहली बाइक सीबी300एफ



**मुंबई( एजेंसी )।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज देश की पहली फ्लैक्स-फ्यूल से चलने वाली बाइक सीबी300एफ को लॉन्च कर दी है। यह भारत की पहली 300सीसी फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल है। ग्राहक अब अपने डीलरशिप पर 2024 होंडा सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल बुक कर सकते हैं। इस बाइक कीमत 1,70,000 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यह बाइक 293.52, ऑयल-कूल्ड, 4 स्ट्रोक, सिंगल-सिलेंडर पीजीएम-एमआई इंजन से लैस है जो ई85 ईंधन (85प्रतिशत इथेनॉल और 15प्रतिशत गैसोलीन) के लिए अनुकूल है। यह 18.3 केवी की पावर और 25.9 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करती है। बाइक का इंजन 6-स्पीड गियरबॉक्स से जुड़ा है। इसमें एक असिस्ट स्लिपर क्लच भी है, जिससे गियर जल्दी शिफ्ट होते हैं और गियर बदलते समय रियर व्हील हॉपिंग को रोकता है। सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल में दोनों चक्के में डिस्क ब्रेक (276 मिमी फ्रंट और 220 मिमी रियर) डुअल-चैनल एबीएस और होंडा के सेलेक्टेबल टॉर्क कंट्रोल मिलते हैं। इसके अलावा, यूएसडी फ्रंट फोर्क और 5-स्टेप एडजस्टेबल रियर मोनो शॉक सस्पेंशन, आरामदायक राइडिंग अनुभव प्रदान करते हैं। इसके अलावा, इसमें ऑल-एलईडी लाइटिंग सिस्टम है। सीबी300एफ का फुली डिजिटल इंस्ट्रूमेंट पैनल 5 लेवल की कस्टमाइज़ेबल ब्राइटनेस के साथ आता है और स्पीडोमीटर, ओडोमीटर, टैकोमीटर, फ्यूल गेज, ट्विन ट्रिप मीटर, गियर पोजिशन इंडिकेटर और एक घड़ी जैसी जानकारी प्रदर्शित करता है। इसमें एक इंटेलिजेंट इथेनॉल इंडिकेटर भी है, जो वाहन में उच्च इथेनॉल सामग्री वाले गैसोलीन (85न से अधिक) से भरे होने पर चमकता है। 2024 होंडा सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल एक ही वैरिएंट और दो रंग विकल्पों - स्पोर्ट्स रेड और मैट एक्सिस ग्रे मेटैलिक में उपलब्ध होगा। इसकी आकर्षक कीमत 1,70,000 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। बुकिंग अब शुरू हो गई है, और यह अक्टूबर 2024 के आखिरी हफ्ते से देश भर में सभी होंडा बिग विंग डीलरशिप पर उपलब्ध होगी।

## गैलेक्सीत A16 5G 18999 रुपये में पेश: अल्ट्रा-वाइड के साथ ट्रिपलकैमरा, 6 साल के ओएसअपग्रेड के साथ अपनी रचनात्मकता कोपंख लगाएं

**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत मेंगै लेक्सी A16 5G लॉन्चकरने की घोषणा की है जिसकी शुरुआती कीमत 18999 रुपये है। गैलेक्सी A16 5G मेंयूजर्सको किफायती मूल्य पर शानदार फीचर्स दिए गए हैं। यह भारत में मिड-रेंजस्मार्टफोन के लिए 6 पीढ़ियों के ओएस अपग्रेड और 6 साल के सुरक्षा अपडेट प्रदान करके एक नया मानक स्थापित करता है।

सैमसंग गैलेक्सी A16 5G दो वैरिएंट - 8 GB/128 GB और 8 GB/256 GB में गोल्ड, लाइट ग्रीन और ब्लू ब्लैक जैस ेट्रेंडी रंगों में उपलब्ध होगा। इसे आज सेरिटेलस्टोर, Samsung.com और Amazon.in और Flipkart.com सहित ऑन लाइन प्लेट फ़ॉर्म स ेखरीदा जा सकता है।

**शानदार डिज़ाइन और परफॉरमेंस-** सैमसंगगैलेक्स ीA16 5G को स्लीक और प्रैक्टिकल दोनों तरह स ेडिज़ाइन किया गया है। डिवाइस की चौड़ाइ ेसिर्फ़ 7.9mm है, जो अब तक का सबसे पतला मिड-रेंज गैलेक्सी A सीरीज़ स्मार्ट फोन है। शानदार 'की आइलैंड' एस्थेटिक, रिफ़ाइंड ग्लास्टिक बैक और पतले बेज़ेल्स इसे देखने में आकर्षक बनाते हैं। अपने शानदार डिज़ाइन के अलावा, गैलेक्सी A16 5G में 5000mAh की दमदार बैटरी है, जो चलते-फिरते यूज़र के लिए लंबे समय तक चलने वाली पावर बैकअप देती है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्लैंजा के 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' की पेशकश की घोषणा की




**बैंगलोर ( एजेंसी )।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने त्यौहारी उत्साह को ध्यान में रखते हुए, टोयोटा ग्लैंजा के 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' की शुरुआत की घोषणा की। ग्राहक अब डीलर द्वारा फिट किए गए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज का आनंद ले सकते हैं। इसे इस त्यौहारी अवधि के दौरान ग्लैंजा की बेहतर स्टाइल, प्रदर्शन और आराम के साथ उनके ड्राइविंग अनुभव को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

अपनी उन्नत तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उच्च ईंधन दक्षता के लिए 2019 से जानी-पहचानी सीमित संस्करण वाली टोयोटा ग्लैंजा 13 विशेष टीजीए पैकेज से युक्त है जो 20,567 रुपये मूल्य के हैं। वाहन की प्रीमियम खासियतें - क्रोम और ब्लैक बॉडी साइड मोल्डिंग, बैक डोर गार्निश क्रोम और ओआरवीएम गार्निश क्रोम अलग से जानी-पहचानी हैं। अन्य खास बातों में अतिरिक्त आराम के लिए 3डी फ्लोरमैट, डोर वाइज़र प्रीमियम और नेक (गर्दन के लिए) कुशन (ब्लैक और सिल्वर रंगों में) शामिल हैं। टोयोटा ग्लैंजा की स्टाइलिश अपील को रियर बम्पर, फेंडर के साथ-साथ रियर रिफ्लेक्टर और वेलकम डोर लैंप पर क्रोम गार्निश के साथ और भी समृद्ध किया गया है, जो इसे एक प्रीमियम टच देता है।

टोयोटा ग्लैंजा के फेस्टिव लिमिटेड एडिशन की शुरुआत पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने कहा, 卐हमारा लक्ष्य टोयोटा ग्लैंजा के 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' की शुरुआत के साथ इस त्योहारी सीजन के दौरान अपने ग्राहकों के लिए अतिरिक्त उत्साह लाना है। ग्लैंजा को हमेशा से ही इसके डायनैमिक-स्पोर्टी डिजाइन, उन्नत फीचर्स और बेहतरीन प्रदर्शन के मिश्रण के लिए सराहा गया है तथा इस सीमित संस्करण के साथ हम इसके आकर्षण को और बढ़ा रहे हैं।

हम लोगों ने यह सुनिश्चित करने का पूरा ख्याल रखा है कि न सिर्फ ग्लैंजा की दृश्य अपील को बेहतर किया जाये बल्कि समग्र आराम और उपयोगिता में भी वृद्धि करें। इस तरह, प्रीमियम और परिष्कृत ड्राइविंग अनुभव की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिए आदर्श साथी बन जाता है। हम उत्पाद से कहीं बढ़कर गुणवत्ता और मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे बिक्री के बाद की असाधारण सेवाएँ प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होगी जिसके लिए टोयोटा जानी जाती है। हमारा मानना है कि यह उत्सव संस्करण हमारे ग्राहकों के साथ मजबूती से जुड़ेगा, जिससे उन्हें अपने पसंदीदा टोयोटा मॉडल के प्रदर्शन और प्रतिष्ठा का आनंद लेते हुए स्टाइल में जश्न मनाने का अवसर मिलेगा।

टोयोटा की सबसे किफायती हैचबैक के रूप में, ग्लैंजा अनगिनत भारतीय परिवारों की पसंदीदा बन गई है। पिछले कुछ वर्षों में, यह वाहन तकनीक-प्रेमी ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लगातार विकसित हुआ है, जिसने कुशल प्रदर्शन बनाए रखते हुए एक असाधारण ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने की विरासत का निर्माण किया है। अब, सभी वेरिएंट में उपलब्ध फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन के साथ, स्टाइल और सुविधा के एक बेहतरीन मिश्रण के साथ स्वामित्व का अनुभव और भी बेहतर हो गया है। त्यौहारी पेशकश के भाग के रूप में टोयोटा ग्लैंजा फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन का चुनाव करने वाले ग्राहकों के लिए कॉम्प्लीमेंट्री टीजीए पैकेज 31 अक्तूबर 2024 तक उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा, प्रत्येक एक्सेसरी को डीलरशिप पर प्रमाणित टोयोटा तकनीशियनों द्वारा विशेषज्ञ रूप से फिट किया जाता है, जो बेजोड़ ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए गुणवत्ता सुनिश्चित करता है।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024



## आज मयाली में होगी सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड स्थित मयाली में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक दोपहर 12 बजे से होगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय इस बैठक में शामिल होने के लिए रायपुर से हेलीकॉप्टर से 22 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे मयाली जाएंगे। मयाली में दोपहर 12 बजे से संध्या 5 बजे तक सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात वहां से अपने गृह ग्राम बगिया जाएंगे और निज निवास में रात्रि विश्राम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूको बैंक- वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही-वित्तीय परिणाम के मुख्य बिंदु



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 30.09.2024 को समाप्त तिमाही के लिए निवल लाभ 603 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 402 करोड़ रुपए था, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। दिनांक 30.09.2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन लाभ 1432 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष दर-वर्ष आधार पर 45.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 13.56प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 30.09.2024 को 473704 करोड़ रुपए हो गया, जिसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 197927 करोड़ रुपए तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 10.57 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 275777 करोड़ रुपए हो गया ।सकल एनपीए दिनांक 30.09.2024 को वर्ष-दर-वर्ष 96 बीपीएस घटकर 3.18 प्रतिशत हो गया, जबकि निवल एनपीए दिनांक 30.09.2024 को वर्ष-दर वर्ष 38 बीपीएस घटकर 0.73 प्रतिशत हो गया। बैंक के पास 3247 घरेलू शाखाओं और हांगकांग तथा सिंगापुर केंद्र में 2 विदेशी शाखाओं और ईरान में 1 प्रतिनिधि कार्यालय का नेटवर्क है। कुल शाखाओं में से, बैंक की 61.60 प्रतिशत यानी 2000 शाखाएँ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं। दिनांक 30.09.2024 तक बैंक के पास 2472 एटीएम और 10203 बीसी प्वाइंट हैं, जिससे कुल 15925 टच प्वाइंट हो गए हैं।

### रायपुर रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल विभाग द्वारा कर्तव्य पालन/ड्युटी के दौरान शहीद हुये पुलिस कर्मियों की स्मृति मे प्रतिवर्षानुसार दिनांक 21.10.2024 को रायपुर मंडल के रायपुर स्टेशन स्थित नये बैरक में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के विभिन्न रेलो के 14 बल अधिकारीयों व बल सदस्य जो अपने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हो गये थे उनका स्मरण कर उन्हें श्रद्धाजली अर्पित की गई। इस दौरान श्री रमन कुमार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर, श्री विनोद कुमार लांझीवार सहायक सुरक्षा आयुक्त, श्री संदीप डी खीरटकर सहायक सुरक्षा आयुक्त रायपुर एवं मंडल मुख्यालय के अधिकारी व बल सदस्य उपस्थित थे।

## शहरों के बेहतर विकास और जनहित में करें कार्य, लापरवाही की तो होगी कार्रवाई : अरुण साव

**उप मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में संभाग के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अंबिकापुर कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में अधिकारियों को शहरों के सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर उसके अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इंजीनियर्स के साथ बेहतर तालमेल से काम करते हुए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा। उन्होंने विकास और जन सुविधाएं विकसित करने के कामों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और सरगुजा के कलेक्टर श्री भोसकर विलास संदिपान भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री साव ने बैठक में बताया कि सरगुजा संभाग के विभिन्न नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए पिछले दस महीनों में अधोसंरचना मद में कुल 141 करोड़ 99 लाख रुपए जारी किए गए हैं। वहीं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 44 करोड़ 34 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विगत दस महीनों में राज्य के नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए करीब 600 करोड़ रुपए तथा 15वें वित्त आयोग मद में 1450 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने बैठक में पिछले माह रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के संचालन, कार्य पद्धति में बदलाव और कार्यालय के रखरखाव पर दिए निर्देशों पर अमल की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयुक्त और सीएमओ अपनी जिम्मेदारी समझें और शहरों के हित में गंभीरता से कार्य करें। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएं। शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। उन्होंने बैठक में स्थानांतरण आदेशों के पालन और जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान प्राप्त अनिराकृत आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी ली।

## जैन प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर संग्रहालय का किया अवलोकन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कैलाश रारा, तीर्थ संरक्षिणी के अध्यक्ष प्रदीप जैन, भरत जैन, राजेंद्र उमाठे, अजय जैन एवं अरिहंत जैन ने आज रायपुर संग्रहालय की तीर्थंकर प्रतिमाओं का अवलोकन कर संग्रहालय पदाधिकारियों को साहित्य भेंट किया।

उल्लेखनीय है कि श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा एवं निर्ग्रन्थ सेंटर आफ आर्कियोलॉजी के द्वारा अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्कियोलॉजी की तर्ज पर प्रतिवर्ष 19 अक्टूबर को लगभग डेढ़ सौ केंद्रों पर अंतर्राष्ट्रीय पुरातत्व दिवस मनाया जाता है। उक्त आशय की जानकारी आज एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संयोजक कैलाश रारा के द्वारा दी गई। **-कैलाश रारा**

## बिजली कंपनियों के चयनित 375 कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र देंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का जागरूकता कार्यक्रम भी**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में 23 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तीनों कंपनियों के लिये चयनित 375 कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जागरुकता सामग्री का विमोचन एवं हितग्राहियों के घर पर लगने वाली नाम-पट्टिकाओं का वितरण भी करेंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के 129, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 229 तथा जनरेशन कंपनी के 17 कनिष्ठ यंत्रियों का चयन प्रतियोगी परीक्षा से किया गया है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में वर्ष 2027 तक 5 लाख घरों में रूफ टॉप पावर प्लांट लगाने का लक्ष्य है। इस अभियान को गति देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय जनजागरूकता बढ़ाकर लक्ष्य हासिल करने पर जोर दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश में विद्युत विकास पर प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। इस प्रकार इस बहुआयामी आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। क्षेत्रीय एवं रायपुर-पश्चिम के विधायक श्री राजेश मूणत, रायपुर-उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर - ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू तथा धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम बुधवार, 23 अक्टूबर को शाम 4 बजे, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय प्रांगण, डंगनिया, रायपुर में होगा।

## श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में हो रही विशेष आराधना, 1024 श्रीफल अर्पित कर सिद्ध भगवंतों का हो रहा पूजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जैन परंपरा में लोक और परलोक में सुख, शांति की प्राप्ति के किए जाने वाले पूजन, विधानों व अनुष्ठानों में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का सर्वाधिक महत्व बताया गया है। जिसे देखते हुए 1008 श्री वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में विगत तीन दिनों से ब्रह्मचारी संजीव भैया, ब्र. अंकित भैया व ब्र. सुनील भैया के निर्देशन में प्रात:काल से श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान कराया जा रहा है। विशेष मंत्रोपचारों, जापों के द्वारा संगीतमयी आराधना कर भगवान की मूल वेदी के समक्ष अष्ट द्रव्य के अर्घ्य भगवान को अर्पित किए जा रहे हैं। सिद्ध भगवानों के गुणों की इस विशेष पूजा में उनके आठ गुणों को लेकर प्रथम पूजा की जाती है। फिर कर्म-प्रकृतियों के नष्ट होने की अपेक्षा से दिगुणित अर्घ्य बढ़ते जाते हैं अर्थात् दूसरे दिन 16, फिर 32, 64, 128, 256, 512 एवं 1024 क्रमश: बढ़ते जाते हैं। विशेष प्रक्रिया के तहत प्रतिदिन दोगुने चढ़ाए जाने वाले अर्घ्य में समापन दिवस तक 1024 अर्घ्य व श्रीफल समर्पित किए जाएंगे। इस दौरान संध्या सिद्ध चक्र एवं महाआरती तथा ब्र. संजीव भैया द्वारा प्रतिदिन प्रवचन किए जा रहे हैं। इस आयोजन में दिगंबर जैन समिति के अध्यक्ष नरेश जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, सचिव विकास जैन, यशवंत जैन, आदिश्वर महिला मंडल की अध्यक्ष वर्षा जैन, वंदना जैन, जया जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित होकर अनुष्ठान का लाभ ले रहे हैं।

## यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में यात्रियों की सुविधाओं में लगातार वृद्धि की जा रही है एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आने जाने के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर 10 लिफ्ट और 07 एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध है। जिसके माध्यम से महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग यात्रियों को आवागमन में सुविधा रहती है।

रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर वर्तमान समय में रायपुर स्टेशन पर 07 प्लेटफार्म है इन प्लेटफार्म पर आवागमन हेतु तीन लिफ्ट एवं चार एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध है। दुर्ग स्टेशन पर 06 प्लेटफार्म है। एक दूसरे प्लेटफार्म पर आने-जाने हेतु यात्रियों की सुविधा के लिए तीन लिफ्ट एवं दो एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। तिल्दा नेवरा स्टेशन पर एक लिफ्ट उपलब्ध है। भाटापारा स्टेशन पर तीन लिफ्ट और एक एस्केलेटर की सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध है।

रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों पर मेजर रीडेवलपमेंट का कार्य किया जायेगा। मेजर रीडिवेलपमेंट के तहत इन स्टेशनों पर भविष्य में रायपुर स्टेशन पर 16 एस्केलेटर एवं 42 लिफ्ट मिलने से यात्रियों को आवागमन में और सहूलियत रहेगी दुर्ग स्टेशन पर 21 एस्केलेटर एवं 49 लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## रायपुर दक्षिण में भाजपा एक बार फिर रिकॉर्ड बनाने को तैयार, सांसद बृजमोहन ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- रायपुर दक्षिण की जनता का ऋणी हूं, मरते दम तक काम आऊंगा**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। एकात्म परिसर में आयोजित इस बैठक में श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, यह उपचुनाव हमारी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। सभी कार्यकर्ताओं को तन, मन धन से परिश्रम की पराकाष्ठा करना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक बार फिर से अपनी पूरी ताकत के साथ उपचुनाव में पार्टी को जिताने के संकल्प के साथ उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, दक्षिण के सम्मानित कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के प्यार, स्नेह और आशीर्वाद ने उन्हें 8 बार विधानसभा और नौवीं बार लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाई। जिसके लिए मैं दक्षिण की जनता का ऋणी हूं, जब तक जिंदा रहूंगा तब तक क्षेत्र की जनता के काम आऊंगा। जनता को यही प्यार और आशीर्वाद इस बार पार्टी प्रत्याशी श्री सुनील सोनी को देकर पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया इतिहास रचना है। उन्होंने कहा कि, हम सब पार्टी के कार्यकर्ता हैं और उसके मान सम्मान के लिए हमको कार्य करना है। पार्टी के प्रत्याशी को जीताना हम सभी का कर्तव्य है हमको क्षेत्र में पुन: कमल खिलाना है। उसके लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। मंडल स्तर, बूथ स्तर और शक्ति केंद्र स्तर पर कार्य योजना बनाकर जनता के बीच पहुंचे और पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखें।

उन्होंने कहा कि, दिवाली और छठ पूजा में बहुत से लोग बाहर चले जाते है, उनको वापस बुलाना और ज्यादा से ज्यादा लोग मताधिकार का प्रयोग करें यह भी कार्यकर्ताओं को सुनिश्चित करना है।

श्री अग्रवाल ने भी कहा कि, इस चुनाव में रायपुर उत्तर, पश्चिम और ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी दक्षिण में प्रचार करेंगे। सभी मंडल अध्यक्षों, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को कार्य योजना बनाकर काम करने की जरूरत है जिसके लिए मंगलवार को मंडल की बैठक भी ली जाएगी। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह भी जानकारी दी कि, 25 अक्टूबर को विशाल नामांकन रैली निकाली जाएगी और 26 अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा।

इस बैठक में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रभारी श्री शिव रतन शर्मा, चुनाव सह प्रभारी मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक श्री राजेश मूणत, विधायक श्री मोतीलाल साहू, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री जयंती भाई पटेल, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, डॉ सलीम राज, श्री किशोर महानंद, श्री सुभाष तिवारी, श्री नंदे साहू, श्री मृत्युंजय दुबे, श्रीमती मीनल चौबे, श्रीमती प्रभा वर्मा, श्री छगन मुंदड़ा, श्री अवधेश जैन, श्री रमेश ठाकुर, श्री सत्यम बोहरा, श्री विजय अग्रवाल समेत हजारों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## रायपुर रेल मंडल के दुर्ग स्टेशन का मेजर रीडेवलपमेंट और 15 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

**छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण जिला दुर्ग रेलवे स्टेशन का मेजर रीडेवलपमेंट 440.85 करोड़ रुपए**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय रेल देश की लाइफ लाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के 15 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है। (1) भाटापारा, (2) भिलाई पावर हाउस, (3) तिल्दा-नेवरा, (4) बिल्हा, (5) भिलाई, (6) बालोद, (7) दल्ली राजहरा, (8) भानुप्रतापपुर, (9) हथबंद, (10) सरोना, (11) मरोदा, (12) मंदिर हसौद, (13) उरकुरा, (14) निपनिया, (15) भिलाई नगर, रिडेवलपमेंट ऑफ मेजर स्टेशन में (1) रायपुर, (02) दुर्ग स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। मेजर रिडेवलपमेंट किया जा रहा हैं।

दुर्ग स्टेशन का मेजर री डेवलपमेंट लगभग 440.85 करोड़ है। इन योजनाओ का मकसद आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है। चरणबद्ध तरीके से इन कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य का दुर्ग जिला औद्योगिक विकास, सांस्कृतिक विविधता को लिए औद्योगिक जिला है। देश के विभिन्न भागों से लोगों का आवागमन होता है। इसी को ध्यान में रखकर दुर्ग रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

दुर्ग स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु भव्य प्रवेश एवं विकास द्वार, यात्रियों के आवागमन एवं निकास के लिए सुगम पथ, 17 टिकट बुकिंग विंडो, बेहतरीनतू प्लेटफार्म सरफेस, 1050 किलोवाट पावर सोलर सोलर पैनल युक्त ऊर्जा संरक्षण, प्रत्येक प्लेटफार्म पर 24 कोच इंडिकेशन बोर्ड, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 6 मीटर चौड़े तीन फुट ओवर ब्रिज, 160 वाटर कूलर, 49 लिफ्ट, 16826 स्क्वायर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर, 06 यात्री आरक्षण सुविधा काउंटर, 21 एस्केलेटर लगाए जाने हैं। बेहतरीन पार्किंग व्यवस्था, कोनकोर्स एरिया होगा दुर्ग स्टेशन विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से उन्नत होगा वर्तमान समय में दुर्ग स्टेशन पर लगभग 40 हजार यात्रियों का आवागमन होता है। भविष्य में यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए स्टेशन डेवलपमेंट में यात्री सुविधा उन्नत की जा रही है। ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जाएंगे। दुर्ग स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों से यात्रियों के लिये आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही साथ उन्हें नया यात्रा अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधा एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उन्नत और आधुनिक यात्री सुविधा के कार्य जारी रहेंगे।

**रायपुर दक्षिण उप निर्वाचन-2024**

## तीन अभ्यर्थियों ने जमा किए अपने नामांकन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत अभी तक तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आज 21 अक्टूबर को शबिस्ता खान, सुषमा अग्रवाल, महेंद्र कुमार बाघ ने अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया।

उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर (दक्षिण) उपनिर्वाचन 2024 के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है।

प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354